सुविचार
जब तक सच्चाई अपने जूते पहन रही होती है, तब तक झूठ आधी दुनिया की यात्रा कर चुका होता है।
–मार्क ट्वेन

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Rashmika Mandanna Reveals Why...

Ranchi ● Monday, 16 December 2024 ● Year : 02 ● Issue : 323 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

हाई सिक्योरिटी जोन में तब्दील हुआ जेएसएससी ऑफिस

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन यानी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से ली गई संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए राज्य भर के छात्र आक्रोशित हैं। हालांकि आयोग इसे नकार रहा है। सोमवार को अभ्यर्थी आयोग के कार्यालय का घेराव करेंगे। इसके लिए राजधानी में उनका महाजुटान होने वाला है। इसे लेकर आयोग के कार्यालय को हाई सिक्योरिटी जोन में तब्दील कर दिया गया है। राज्य में अलग-अलग जिलों में इस महाजुटान को लेकर छात्रों के बीच मैसेज भेजा गया है। सोमवार से ही संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी शुरू हो रहा है। ऐसे में किसी भी तरह के हिंसात्मक विरोध को ध्यान में रखते हुए रांची पुलिस की ओर से पुख्ता तैयारी की गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस की तैयारी ऐसी है कि आंदोलन कर रहे छात्र जेएसएससी कार्यालय तक पहुंच ही न सकें। इसके लिए नामकुम इलाके में मौजूद जेएसएससी कार्यालय और वहां तक पहुंच के सभी रास्तों में बैरिकेडिंग कर दी गई है।

आज सीजीएल के रिजल्ट के खिलाफ अभ्यर्थियों की जुटान को लेकर प्रशासन अलर्ट
परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट का आज से ही शुरू हो रहा वेरिफिकेशन

- बैरिकेडिंग के साथ फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन व वज्र वाहन तैनात
- वीडियोग्राफी और ड्रोन के जरिए की जा रही निगरानी
- जेएसएससी कार्यालय जाने वाले हर रास्ते को कर दिया गया सील

बड़े अधिकारियों ने पूरे इलाके का लिया जायजा

किसी भी उपद्रव से निपटने के लिए पुलिस ने जेएसएससी कार्यालय के बाहर फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन और वज्र वाहन तैनात किए हैं। प्रशासन वीडियोग्राफी और ड्रोन के जरिए भी आज से ही नजर रखे हुए है। रविवार को पुलिस के तमाम बड़े अधिकारियों ने इलाके का जायजा भी लिया है। छात्रों के संभावित हुड़दंग से निपटने के लिए करीब 2500 जवानों और अधिकारी तैनात किए गए हैं।

छात्रों ने किया दावा- हर हाल में घेरेंगे कार्यालय, धारा 163 लागू

आंदोलन कर रहे छात्रों का दावा है कि वे सोमवार को हर हाल में जेएसएससी कार्यालय का घेराव करेंगे। छात्रों के संगठनों का कहना है कि राज्य भर से 50 हजार से अधिक छात्र जेएसएससी कार्यालय पहुंचेंगे और अपना विरोध दर्ज करेंगे। वहीं पुलिस प्रशासन भी उनके मंसूबे पर पानी फेरने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। इधर डीआईजी अनूप बिरथरे ने नामकुम स्थित आयोग के कार्यालय जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। जेएसएससी ऑफिस के 100 मीटर पहले से ही आवाजाही बंद कर दी गई है। जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दी गई है। यह आदेश 20 दिसंबर तक लागू रहेगी।

हिंदू मंदिर पर हमले के आरोप में चार गिरफ्तार

NEW DELHI : बांग्लादेश में जांच एजेंसियों ने हिंदू मंदिरों और घरों पर हमले के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर उत्तरी जिले सुनामगंज में एक मंदिर और हिंदुओं के घरों व दुकानों में तोड़फोड़ करने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में 12 नामजद और 170 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सुनामगंज जिले में 3 दिसंबर को एक फेसबुक पोस्ट के बाद इलाके में तनाव फैल गया था। हालांकि विवाद के बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया गया था, लेकिन उसके स्क्रीन शॉट्स सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। इसके बाद क्षेत्र में हिंसा फैल गई थी। दंगाइयों ने इस दौरान सुनामगंज के लोकनाथ मंदिर और हिंदुओं के घरों में तोड़-फोड़ की थी। हिंसा फैलने के बाद पुलिस ने पोस्ट करने वाले आकाश दास को उसी दिन हिरासत में ले लिया था। सुरक्षा कारणों के चलते उसे जिला मुख्यालय के पुलिस स्टेशन ले जाया गया था।

नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकेगी छत्तीसगढ़ पुलिस : शाह

- रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन
- केंद्रीय गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा राष्ट्रपति निशान
- नक्सलियों से की हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील
- 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का पूर्णत: हो जाएगा खात्मा

AGENCY RAIPUR : रविवार को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी में है। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। गृह मंत्री ने राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है।

एक नक्सली दंपती सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने किया सरेंडर, ₹25 लाख घोषित किए गए थे इनाम

SUKMA : रविवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के नक्सल संगठन में सक्रिय एक नक्सली दंपती सहित पांच हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों पर 25 लाख रुपये के इनाम घोषित हैं। इनमें 8 लाख की इनामी धन्नी उर्फ कलमू जोगी, 8 लाख के इनामी सोनू उर्फ अभय का सुरक्षा गार्ड, 5 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिविजन कम्युनिकेशन टीम कमांडर, 2 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिविजन आईटीम पार्टी सदस्या 33 वर्षीय हेमला,न और 02 लाख के इनामी दक्षिण बस्तर डिविजन सीएनएम पार्टी सदस्या 23 वर्षीय माड़वी पोज्जे शामिल हैं। सबने

एसपी किरण चव्हाण, डीआईजी ऑफिस सुकमा द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह, एएसपी अभिषेक वर्मा, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, एएसपी अधीक्षक नक्सल ऑप्स मनीष रात्रे के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रुपये के मान से प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

SARAFA

सोना	:	7,320
चांदी	:	100.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

तबलावादक जाकिर हुसैन का अमेरिका में निधन

NEW DELHI : विश्व विख्यात तबलावादक और पद्म विभूषण उस्ताद

जाकिर हुसैन का अमेरिका में निधन हो गया। सैन फ्रांसिस्को में उनका इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका जन्म 9 मार्च 1951 को मुंबई में हुआ था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्म श्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था। जाकिर हुसैन को तीन ग्रैमी अवॉर्ड भी मिल चुके थे। उनके पिता का नाम उस्ताद अल्लाह रक्खा कुरैशी और मां का नाम बीवी बेगम था।

पंजाब में 8 इंटरनेशनल ड्रग तस्कर गिरफ्तार

AMRITSAR : अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक सफल सीक्रेट ऑपरेशन चला कर यूके स्थित हैंडलर धर्मा संधू से जुड़े 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन, हथियार और ड्रग मनी को भी जब्त किया है। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज की जानकारियां हासिल कर रही है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने जानकारी दी कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4.5 किलोग्राम हेरोइन, 2 ग्लॉक पिस्तौल, 2 पिस्तौल (30 बोर), 1 पिस्तौल (32 बोर), 1 ज़िगाना पिस्तौल (30 बोर), 16 जिंदा कारतूस और 1.5 लाख की ड्रग्स से जुड़ी नकदी बरामद की गई है।

अमेरिका से 18 हजार भारतीयों को निकालेंगे ट्रंप

NEW DELHI : अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही भारतीय प्रवासियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहां से करीब 18 हजार भारतीयों को निकाला जा सकता है। ये सभी लोग अवैध प्रवासी हैं जिनके पास अमेरिका की नागरिकता नहीं है, और वहां की नागरिकता हासिल करने के लिए सही कागज नहीं हैं। दरअसल, अमेरिका में अवैध प्रवासियों से डील करने वाली सरकारी संस्था (आईसीई) ने करीब 15 लाख लोगों की एक सूची बनाई है जो अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे हैं।

मौके पर ही चली गई जान, इन दिनों अपराधियों के बुलंद हैं हौसले
जमीन कारोबारी पर दिनदहाड़े बरसाई गईं ताबड़तोड़ गोलियां

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। रविवार को रांची के नामकुम में दिनदहाड़े एक जमीन कारोबारी को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। जानकारी के मुताबिक, बाइक पर आए अपराधियों ने जमीन कारोबारी लाल मधुसूदन राय उर्फ मधु राय की पहले रेकी की। उसके बाद पीछा करते हुए कवाली पहुंचे और बीच सड़क पर गोली मार दी। गोली लगने के बाद जमीन पर मधु राय स्कूटी सहित सड़क पर गिर गए। उसके बाद अपराधियों ने पिस्तौल की सारी गोलियां दाग दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। गोली मारने वाले अपराधियों की तलाश कर रही है। नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मधु राय नामक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अपराधियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

स्कूटी से राजाउलातू उनीडीह स्थित घर से नामकुम जाने के लिए निकले थे मधु राय

- नामकुम में रेकी करने के बाद बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम
- स्कूटी सहित सड़क पर गिरने के बाद अपराधियों ने 12 राउंड गोलियों की कर दी बौछार
- जानकारी मिलने के बाद तत्काल पहुंचे परिजन और सड़क को कर दिया जाम हंगामा भी किया
- परिजनों को समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पीछे से अपराधियों ने चलाई गोली

मधु राय अपनी स्कूटी से राजाउलातू उनीडीह स्थित घर से नामकुम पतराटोली स्थित गढ़ा ढाबा जाने के लिए निकले थे। उसी समय उनका पीछा करते आए बाइक सवार अपराधियों ने उनपर गोली चला दी। मधु राय पर करीब 12 राउंड गोलियां चलाई गई हैं। मौके पर ही मधु राय की जान चली गई। परिजनों को लगभग एक बजे घटना की जानकारी मिली। इसके बाद सभी मौके पर पहुंचे और सड़क को जाम कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने समझा-बुझाकर उन्हें जाम हटाने को कहा और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

कई दिनों से रेकी कर रहे थे अपराधी

अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद तत्काल फरार हो गए। अपराधियों द्वारा मधुसूदन राय की हत्या की खबर सुनते ही नामकुम में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी अमर पांडेय और नामकुम थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। जिस तरह से मधुसूदन राय की हत्या की गई, उसे देखकर लगता है कि अपराधी काफी दिनों से मधुसूदन राय की रेकी कर रहे थे। जैसे ही मधुसूदन सुनसान सड़क से गुजरे, उन्हें गोली मार दी गई।

पूर्व में हो चुकी है पत्नी की हत्या

बता दें कि मृतक मधु राय का अपराध से पूराना नाता है। पूर्व में भी 2007 में राजा उलातू स्थित जमीन पर पत्नी के साथ मौजूद मधु राय को टारगेट कर अपराधियों ने गोली मारी थी। गोली उनकी पत्नी को लगी थी एवं मौत हो गई थी। 2016 में दोबारा राजाउलातू में ही बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारी थी, जिसमें उनके हाथ में गोली लगी थी। रांची पुलिस ने पूरे नामकुम इलाके की घेराबंदी कर दी है और एनएच पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, ताकि अपराधियों का सुराग मिल सके। पुलिस उन लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

77 साल की उम्र में ली अंतिम सांस
नहीं रहे पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा, हेमंत ने जताया शोक

PHOTON NEWS DEOGHAR : संयुक्त बिहार में मंत्री रहे देवघर के कृष्णानंद झा का रविवार सुबह 9:15 बजे देहांत हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह 77 साल के थे। पूर्व मंत्री के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। उनके पिता विनोदानंद झा बिहार के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। पंडित विनोदानंद झा 1961 में बिहार के मुख्यमंत्री थे। कृष्णानंद झा साल 1983 में पहली बार चंद्रशेखर प्रसाद सिंह की कैबिनेट में सिंचाई एवं राजभाषा मंत्री बने।

● तीन बार मधुपुर विस क्षेत्र का किया था प्रतिनिधित्व

महाराष्ट्र में 33 कैबिनेट व 6 राज्य मंत्रियों ने ली शपथ

MUMBAI : रविवार को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 23वें दिन नागपुर में मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। फडणवीस सरकार में 33 कैबिनेट और 6 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। सीएम और 2 डिप्टी सीएम समेत यह संख्या 42 हो गई। कैबिनेट में कुल 43 मंत्री शपथ ले सकते हैं। एक सीट खाली रखी गई है। फडणवीस सरकार में 19 भाजपा, 11 शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और 9 एनसीपी (अजित पवार गुट) कोटे से मंत्री शामिल किए गए हैं। इनमें 4 महिलाएं (3 भाजपा, 1 एनसीपी) और 1 मुस्लिम (एनसीपी) चेहरे को जगह मिली है। कैबिनेट में सबसे युवा मंत्री एनसीपी की अदिति तटकरे (36) और सबसे उम्रदराज मंत्री भाजपा के गणेश नाइक (74) साल हैं। भाजपा के पंकज भोयर सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे मंत्री हैं।

कांके-मैक्लुस्कीगंज में मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को दिखीं जमी ओस की बूंदें
सर्दी का सितम, नामकुम में पारा @2.4 डिग्री

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में दिसंबर के दूसरे सप्ताह से ही सर्दी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है। पहाड़ों पर बर्फबारी के प्रभाव से तेज हवाओं के साथ कनकनी बढ़ गई है। दिन की धूप में भी लोगों को ठंड सता रही है। ठंड से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। लगातार उच्चतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी है। रविवार को रांची के नामकुम का न्यूनतम पारा 2.4 डिग्री सेंटीग्रेड रहा। गढ़वा में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड के कारण कांके और मैक्लुस्कीगंज में मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को जमी हुई ओस की बूंदें दिखीं। ओस की वजह से जमीन में बर्फ की चादर सी दिखने लगी है। राज्य के करीब-करीब सभी जिलों का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र की ओर से यह जानकारी दी गई है।

पहाड़ों पर बर्फबारी के प्रभाव से तेज हवाओं ने बढ़ाई ठंड

- मैक्सिमम और मिनिमम टेंपरेचर में लगातार आ रही गिरावट
- 7 जिलों के लिए मौसम विभाग ने जारी किया शीतलहर का अलर्ट
- गढ़वा का न्यूनतम तापमान रहा 4 डिग्री सेल्सियस
- अधिकतम जिलों का मिनिमम टेंपरेचर 10 डिग्री से रहा काम

चाईबासा में सबसे अधिक उच्चतम तापमान

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य का सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा जिले में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

चिंता के हालात इस साल गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड और नवंबर बन गया सबसे गर्म महीना

युवा जीवन पर अधिक असर डाल रहा बढ़ता तापमान

AGENCY NEW DELHI : प्रकृति में छेड़छाड़ के ऐसे नतीजे धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे साबित होने के संकेत दे रहे हैं। अंधाधुंध शहरीकरण और औद्योगीकरण के लिए पेड़ों का काटना पर्वतीय इलाकों का काम होना इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है। वातावरण का क्रमिक रूप से तापमान बढ़ते जाना मनुष्य सहित सभी जीवों के लिए प्राकृतिक रूप से अस्तित्व में बने रहने में बड़ी बाधा उत्पन्न कर सकता है। हाल में किए गए विशेष अध्ययन से यह पता चला है कि तापमान बढ़ने से युवा जीवन पर सर्वाधिक असर पड़ता है। यूरोप जलवायु परिवर्तन एजेंसी कॉपरनिकस ने अध्ययन में बताया कि नवंबर 2023 का अब तक का सबसे गर्म महीना नवंबर था। इस बार नवंबर में सतह पर हवा का औसत तापमान 14.10 डिग्री सेल्सियस रहा, जो 1991 से 2020 के औसत तापमान से 0.73 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। इसके अलावा इस साल गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास का दूसरा सबसे गर्म महीना नवंबर दर्ज किया।

औद्योगिक काल के टेंपरेचर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने का अनुमान
भारत में 1901 के बाद दूसरा सबसे गर्म 2024 का नवंबर महीना रहा

अंधाधुंध शहरीकरण व औद्योगीकरण के कारण जलवायु में आ रहा परिवर्तन

यूरोपीय जलवायु परिवर्तन एजेंसी कॉपरनिकस के खास अध्ययन में सामने आई सच्चाई	2023 की तुलना में इस साल के टेंपरेचर में 0.14 डिग्री सेल्सियस का इजाफा	मानवीय गतिविधियों से ग्लोबल वार्मिंग की बढ़ोतरी दे रही संकट के संकेत	तापमान वृद्धि से यूरोप में सदी के अंत तक मौतों की संख्या हो सकती है तीन गुनी

बुजुर्गों की तुलना में युवाओं की अधिक मौत

गर्मी का प्रभाव बुजुर्गों की तुलना में युवाओं पर अधिक होता है। 1998 से 2019 के बीच मैक्सिको में किए गए विशेष अध्ययन से पता चला है कि गर्मी से होने वाली मौतों में युवाओं की संख्या बुजुर्गों की तुलना में नौ गुनी अधिक थी। हालांकि, अब तक के अध्ययन में यही माना जा रहा था कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती जा रही ताप लहर का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों और छोटे बच्चों पर होता है। साइंस एडवांसेज जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, शोधकर्ताओं ने इसके लिए दो संभावनाएं बताई हैं। पहली, गर्मी का असर खुले में काम करने वालों पर ज्यादा हो सकता है और ऐसा करने वालों में युवा ज्यादा होते हैं।

अधिकतम तापमान 29.37 डिग्री

भारत मौसम विभाग के दिए आंकड़ों के अनुसार, देश में 1901 के बाद दूसरा सबसे गर्म 2024 का नवंबर महीना रहा, जब औसत अधिकतम तापमान 29.37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 0.62 डिग्री अधिक था। यह औसत वैश्विक तापमान से 0.72 डिग्री सेल्सियस अधिक था। 2023 की तुलना में इस साल के तापमान में 0.14 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। वैज्ञानिकों का दावा है कि 2023 का औसत तापमान 1.48 डिग्री सेल्सियस अधिक था और 2024 में यह बढ़कर 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है।

'आप' ने 20 मौजूदा विधायकों का काटा टिकट, अंतिम सूची जारी

NEW DELHI : रविवार को आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की चौथी और आखिरी सूची जारी की। इसमें 38 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से, मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी से, मंत्री सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश से, मंत्री गोपाल राय बाबरपुर से, सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, दुर्गेश पाठक राजिंदर नगर से, रमेश पहलवान कस्तूरबा नगर से, नांगलोई जट से रघुविंदर शौकीन, सदर बाजार से सोम दत्त, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, तिलक नगर से जरनैल सिंह चुनाव लड़ेंगे। आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जो सूची जारी किया है, उसमें 20 सिटिंग विधायकों के नाम गायब हैं। जबकि कुछ विधायक ऐसे हैं, जिनके बेटे और पत्नी को टिकट दिया गया है।

लोस की रिवाइज्ड लिस्ट से हटाए गए विधेयक
आज नहीं पेश होगा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल

AGENCY NEW DELHI : 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल लोकसभा में 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को संसद के निम्न सदन यानी लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। इससे पहले 13 दिसंबर के कैलेंडर में कहा गया था कि सोमवार को बिल लोकसभा में रखा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, अब फाइनेंशियल बिजनेस के पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किया जाएगा। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी। लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हुई थी। 16 और 17 दिसंबर को अब राज्यसभा में संविधान पर चर्चा होगी। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जो 20 दिसंबर को खत्म होगा।

● 20 तक चलना है संसद का शीतकालीन सत्र

BRIEF NEWS

सामाजिक संस्था ने बिरहोर बच्चों में बांटे कपड़े

RAMGARH : कर्णधार सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था रामगढ़ के तत्वधान में कड़ाके की ठंड देखते हुए रविवार को दोहाकातु स्थित बिरहोर बच्चों के बीच नए कपड़ो के साथ गरम कपड़ो का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के संस्थापक विक्रांत गुप्ता ने कहा कि रामगढ़ की जनता के आशीर्वाद और हमारी टीम की एकता हमारे लिए ताकत का काम करता है। उन्होंने कहा कि संस्था करीब पांच सालों से यहां आकर सहयोग कर रहा है। आगे भी मदद के लिए आता रहेगा। संस्था के अध्यक्ष जयदीप सोनी ने लोगों से अपील की है कि उपयोग में ना आने वाली पोशाक कर्णधार रामगढ़ के ऑफिस में जमा करे, ताकि लोगों को ठंड से राहत मिल सके। इस अवसर पर आशीष साहू, अनिल महतो, कर्मवीर राम, रिशु गुप्ता, पवन कुशवाहा शमिल थे।

जमशेदपुर के जुगसलाई में 90 यूनिट रक्त संग्रह

JAMSHEDPUR : शहर की धार्मिक संस्था श्री राणी सती सत्संग समिति, जुगसलाई के तत्वावधान में रविवार को जुगसलाई स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर हुआ, जिसमें 90 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। निर्मल भारद्वाज की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया और स्व. निर्मल भारद्वाज के परिजनों ओमप्रकाश, किशन, गोविंद, अदिति, और खुशी भारद्वाज द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक बूंद रक्त किसी की जान बचा सकता है। कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल व अजय कुमार अग्रवाल ने स्व. निर्मल भारद्वाज के योगदान और यादों को साझा किया। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. राऊ पात्रा व वीबीडीए के डॉ. मिठू बोस आदि उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में अनिल कुमार अग्रवाल, बैजनाथ शर्मा, दिलीप रिंगसिया, राजेश कसेरा, बिमलेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, अंशुल रिंगसिया, सुधा रिंगसिया, रेणु गर्ग, सुलेखा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, सरोज रिंगसिया आदि सक्रिय रहे।

नवोदय विद्यालय में पाक्षिक पत्रिका का विमोचन

KODERMA : पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवि) कोडरमा ने रविवार को अपने पाक्षिक स्कूल न्यूजलेटर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिले के वरीय पत्रकार संजीव समीर, राजेश कुमार, प्रेम भारती, रवि छाबड़ा, उमा शंकर के साथ ही ग्राफिक डिजाइनर रवि शंकर भी बतौर अतिथि मौजूद थे। समारोह की शुरूआत आमंत्रित लोगों को गुलदस्ता और बैज देकर की गई। इसके बाद प्राचार्य किशोर कुमार, उप-प्राचार्य पंकज एस राणा, अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन किया। न्यूजलेटर का अनावरण प्राचार्य किशोर कुमार और विद्यालय के अन्य शिक्षको ने किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें बच्चों ने स्वागत गीत गाया और एक मधुर एकल गीत भी प्रस्तुत किया। पत्रकार संजीव समीर और प्रेम भारती ने बच्चों से कैरियर को गम्भीरता से लेने और जीवन में बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने को प्रेरित किया गया। प्राचार्य किशोर कुमार ने कहा, न्यूजलेटर केवल तथ्यों का संग्रह या अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यालय के जीवंत वातावरण को भी दशार्ता है। यह टीम वर्क और नवाचार की भावना का प्रतिनिधित्व करता है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

जेल से छूटने के बाद फिर की मोबाइल चोरी, पकड़ाया

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल में आरपीएफ फ्लाइंग स्क्वॉयड ने एक मोबाइल चोर चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति का नाम पिंटू प्रसाद सोनी है, जो जुगसलाई स्थित गौरीशंकर रोड, सेवा सदन के पास का रहने वाला है। पिंटू प्रसाद सोनी 2022 में दो लैपटॉप चोरी के मामलों में भी फ्लाइंग स्क्वॉयड द्वारा पकड़ा गया था। लगभग ढाई साल जेल में रहने के बाद कुछ दिन पूर्व में ही छूट के बाहर आया है, पकडाए हुए व्यक्ति को अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी को सौंपा गया है।

प्लांट में झुलसा मजदूर, मौत के बाद ग्रामीणों का हंगामा

रामगढ़ जिले के गोला में लोहा गलाने के दौरान हुई दुर्घटना

AGENCY RAMGARH

रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुत्र मेटेलिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में झुलसने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत से गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को प्लांट के गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार चार दिन पहले गोला निवासी पोदो महतो प्लांट में काम कर रहा था। इसी दौरान लोहा गलाने वाले सीसीएस की आग से वह बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान ही रविवार को उस मजदूर की मौत हो गई।

मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्लांट के गेट को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते हैं विधायक ममता देवी प्लांट पहुंची और प्रबंधन के साथ उन्होंने वार्ता की। इस दौरान मृतक के आश्रितों को 15 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी गई। साथ ही परिवार के भरण पोषण के लिए मृतक की पत्नी को नौकरी देने, दोनों छोटे बच्चों की पढ़ाई में मदद करने का आश्वासन प्रबंधन की ओर से दिया गया। सहमति बनने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

परिजन को मुआवजा राशि देते कंपनी के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

युवती का अपहरण, दुष्कर्म के बाद बेचने का किया प्रयास

AGENCY DUMKA :

चाकू की नोंक पर जबरन युवती को उठा कर दुष्कर्म करने के बाद दिल्ली में बेचने के प्रयास का मामला रविवार को सामने आया है। हंसडीहा थाना क्षेत्र के सिंहनी गांव की एक युवती ने घटना को लेकर मामला दर्ज कराया है। युवती के अनुसार बीते सात दिसंबर की शाम वह गांव के एक किराने की दुकान से वापस लौट रही थी इसी दौरान बनियारा गांव निवासी दूसरे समुदाय के महावीर मरीक एक अन्य व्यक्ति के साथ पहुंचा और चाकू की नोंक पर उसे जबरन बाईक पर बैठा कर हंसडीहा स्टेशन ले गया। लेकिन ट्रेन न मिलने की वजह से उसे वहां से किसी अंजान जगह पर ले गया और पूरे रात उसके साथ दुष्कर्म किया। अगले दिन आरोपित उसे भागलपुर ले गया और वहां से दिल्ली। दिल्ली पहुंचने के बाद वहां भी दो दिनों तक उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया। इसी बीच 11 दिसंबर को आरोपित अपने सहयोगियों के साथ उसे पांच लाख रुपए में बेचने वाला था। आरोपित ने दिल्ली में ही किसी से उसका सौदा भी कर लिया था। उसे बेचने के लिए आरोपित उसे लेकर तय स्थान पर जा ही रहा था कि इसी दौरान उसके पिता उसे ढूंढते हुए दिल्ली पहुंच गए और वह बिकने से बच गई। जिसके बाद उसके पिता उसे वापस लेकर घर लौट आए। घर पहुंचने पर आरोपित के चाचा बिहारी मरीक ने उसके घर आकर पूरे परिवार के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करते हुए धमकी देने लगा कि अगर घटना को लेकर कहीं भी शिकायत पहुंची तो क्षेत्र में दोनों समुदाय का दंगा करवा देंगे और सारा इल्जाम उनलोगों पर आएगा। युवती ने आरोपित के एक भाई और भाभी पर भी सहयोग का आरोप लगाया है। मामलें को लेकर पुलिस ने बीएनएस 64(2)(एम), 62, 46, 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

गेल ने 3 माह में दूसरी बार घटाई पीएनजी की कीमत

JAMSHEDPUR : गेल के महाप्रबंधक सह जीए प्रभारी अधिकारी गौरीशंकर मिश्रा ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए गेल, शहरी गैस वितरण द्वारा, पीएनजी के दामों में कटौती की गई है। जमशेदपुर में अब एक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर, पीएनजी की कीमत 16 दिसंबर से 49.10 रुपये हो गई है।

1 किलोग्राम एलपीजी लगभग 1.164 एससीएम के बराबर होती है, जिसके आधार पर 14.2 किलोग्राम एलीपीजी के बराबर ईंधन, आपको लगभग 16.52 एससीएम पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) से मिलेगा।

गौरीशंकर ने बताया कि अभी सोनारी, कदमा, और बिष्टुपुर में गैस की आपूर्ति हो रही है, जहां

15,000 से अधिक घरों को गैस से जोड़ दिया गया है और अतिरिक्त ग्राहकों को जोड़ा जा रहा है।

गेल ने 1 सितंबर 2024 को घरेलू पीएनजी की कीमतें 55.56 रुपये प्रति एससीएम से घटाकर 53.56 रुपये कर दी थी। 16 दिसंबर 2024 से मूल्य में कमी तीन महीने के भीतर दूसरी बार मूल्य में कमी होगी।

अब किसानों को धान बेचने पर मिलेगा 200 रुपये बोनस : मंत्री

JAMTARA : सरकार ने किसानों का धान खरीदने का दर तय किया है। इसमें धान का 2300 रुपये समर्थन मूल्य व 100 रुपये बोनस निर्धारित है। बावजूद यह राशि किसानों के लिए कम है। इसलिए अपने विभाग की ओर से 100 रुपये और बोनस देने का निर्णय लिया है। इसलिए अब किसानों को एक सौ की जगह 200 रुपये बोनस मिलेगा। यह घोषणा राज्य के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने जामताड़ा में की। उन्होंने रविवार को समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई सभागार में धान अधिप्राप्ति योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि धान बेचने के 48 घंटे में किसानों को कुल राशि का आधा भुगतान बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। इसके बाद एक सप्ताह में पूरी राशि का भुगतान किया जाएगा।

गिरिडीह से चार साइबर ठग किए गए गिरफ्तार

AGENCY GIRIDIH :

गिरिडीह पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जिले के तारातांड़ थाना इलाके के गिरिडीह धनबाद रोड स्थित उसरी नदी के समीप चार अपराधी एक बाइक के साथ खड़े है। इसी सूचना पर डीएसपी ने पुलिस जवानों के साथ छापेमारी कर चार अपराधियों को दबोचा। चारो अपराधी जिले के अहिल्यापुर थाना इलाके के पहरमा गांव निवासी विकास मंडल, परहेता गांव निवासी संदीप राय, पहरमा गांव निवासी सुधीर पंडित और अजय राय शामिल हैं।

पुलिस गिरफ्त में चारों आरोपी ● फोटोन न्यूज

सात मोबाइल, नौ सिम कार्ड व एक बाइक बरामद

पुलिस ने चारों आरोपियों के पास से 7 मोबाइल, नौ सिम कार्ड और एक बाइक भी बरामद किया है। बरामद बाइक का मालिक खुद विकास मंडल है। एसपी ने बताया कि चारो अपराधी बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी बनकर अकाउंट होल्डर को काल करते थे और केवाइसी अपडेट करने के नाम पर लिंक भेज कर उनके अकाउंट की जानकारी लेने के बाद ठगी किया करते थे। एसपी ने बताया कि इसके अलावा अपराधी गर्भवती महिलाओं को भी काल करते थे और मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उन्हें भी हजारों का चूना लगाते थे। बताया कि चारो में विकास मंडल बेहद शातिर हैं और इसी तरह से ठग कर अब तक लाखों रुपए की संपति का मालिक बन चुका है।

युवा उत्सव में कलाकारों ने दिखाया कौशल, खूब रही धूम

AGENCY HAZARIBAG :

मेरा युवा भारत (नेहरू युवा केंद्र, हजारीबाग) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार और खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 संत कोलंबस कॉलेज में मनाया गया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं संत कोलंबस महाविद्यालय के प्राचार्य विमल रेमन की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसमें कुल 10 कला के विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं ने अपनी कला की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अंतर्गत विज्ञान कला में प्रथम स्थान पर प्रियांशु कुमार व द्वितीय स्थान पर सुधांशु कुमार रहे। कहानी लेखन में प्रथम नीतीश कुमार महतो व द्वितीय स्थान पर मयूर माला रही। डिक्लेमेशन कांटेस्ट में प्रथम स्थान पर अमन कुमार व द्वितीय स्थान पर अभिचाल सुरंजन रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम प्रीत राज व द्वितीय स्थान पर स्नेह कुमारी गुप्ता रही। ग्रुप फोक डांस में प्रथम महक ग्रुप व द्वितीय स्थान पर शिवानी ग्रुप रहा। सोलो फोक डांस में प्रथम निशा रानी व द्वितीय शिवानी प्रिया रही। फोटोग्राफी में प्रथम मेघा राज व द्वितीय नीलेश कुमार रहे। ग्रुप सॉन्ग में प्रथम डीएवी पब्लिक स्कूल व द्वितीय पूजा ग्रुप रही। सोलो सॉन्ग में प्रथम श्रुति कुमारी व द्वितीय पुरस्कार पाल नारायण रही। कविता लेखन में प्रथम हिमांशु कुमार व द्वितीय अंशुल कुमार रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के कैडर, जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, कार्यक्रम समन्वयक जोनी रौशिना तिर्की, उमेश कुमार दवेंद्र कुमार, अमन कुमार सहित जिले के प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

कांग्रेस ने उपायुक्त से की मांग, आयुष्मान कार्ड पर हो इलाज

DHANBAD : आयुष्मान भारत योजना का लाभ धनबाद के मरीजों को ठीक से नहीं मिल रहा है। अब अपनी ही सरकार से जिला कांग्रेस कमेटी व्यवस्था में सुधार की मांग कर रही है। जिला बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने राज्य सरकार और धनबाद के उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराने को कहा है। कहा है कि धनबाद के साथ-साथ पूरे झारखंड में ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि कई अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारी के मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनसे पैसे की मांग की जा रही है। कई जगहों पर मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की भी सूचना मिली है। सिंह ने कहा है कि सरकार इस पर कड़ी कार्रवाई करे, क्योंकि अस्पतालों को सरकार द्वारा पैसे का भुगतान भी किया जाता है। ऐसी स्थिति में निजी अस्पतालों के संचालकों का आयुष्मान कार्ड धारी से पैसे लेना बिल्कुल गलत है। ऐसे अस्पतालों को चिह्नित करके कार्रवाई करने की मांग सरकार और उपायुक्त से की गई है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है, लेकिन बुजुर्गों का अस्पताल में इलाज नहीं हो पा रहा है।

भाजपा कार्यकर्ता एक बार फिर चलाएंगे सदस्यता अभियान

कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश प्रभारी नंद प्रसाद ● फोटोन न्यूज

RAMGARH : रामगढ़ जिले में भाजपा कार्यकर्ता एक बार फिर संघर्षों के साथ सदस्यता महापर्व को गति देंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी नंद प्रसाद ने एक बार फिर कार्यकताओं में नया जोश भरा। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड चुनाव के परिणामों ने कार्यकताओं को निराश किया है। लेकिन अभी का वक्त निराश होने का नहीं है। विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है। यह एक सकारात्मक पहलू है। भविष्य में और सकारात्मक ऊर्जा के साथ बेहतर परिणाम भी मिलेंगे। बैठक की शुरूआत में अतिथियों ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश प्रभारी नंद प्रसाद ने कहा कि रामगढ़ जिले में सदस्यता महापर्व को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता नए जोश के साथ काम करेंगे। ऐसी उम्मीद है कि रामगढ़ जिला पूरे प्रदेश में अव्वल रहेगा।

किसानों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ देने के लिए ऑफलाइन रसीद काटने की होनी चाहिए व्यवस्था

लैंड डिजिटलाइजेशन झारखंड के लिए सही नहीं : कृषि मंत्री

AGENCY PALAMU :

राज्य की कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को पलामू पहुंची । वहां जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें छोटे किसानों को ध्यान में रखकर योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया। अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करने का आदेश दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों का भ्रमण कर मंत्री विभागीय कार्य की स्थिति का जायजा लेंगे। किसान हित में जो कार्रवाई नहीं करेंगे उनपर कार्रवाई होगी। लैंप्स और पैक्स के भौतिक निरीक्षण का आदेश दिया। यदि वह गड़बड़ी करते हैं तो उसे रद कर नया अध्यक्ष चुनें।

बैठक में भाग लेतीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ● फोटोन न्यूज

मंत्री ने कहा कि सरकार जरिये विभिन्न फसलों के लिए दिए जा रहे बीज किसानों तक पहुंचे इसकी मॉनिटरिंग होगी। ब्लॉक चेन मैकेनिज्म डेवलप कर सही किसानों को इसका लाभ दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि मछली उत्पादन को बढ़ाना है। इसमें काफी संभावनाएं हैं। नील गाय की समस्या को दूर करने पर भी विभागीय स्तर पर काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसानों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले इसलिए जमीन का ऑफ लाइन रसीद काटने का व्यवस्था होनी चाहिए। लैंड डिजिटलाइजेशन झारखंड के लिए सही नहीं है। इसके कारण किसान जमीन को ऑनलाइन कराने के लिए परेशान हैं। जमीन ऑनलाइन हो नहीं पा रहा है। इससे किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। केंद्र की इस योजना के वह खिलाफ हैं। लैंड रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन के लिए खतियान यहां नहीं है। इस कारण जमीन की रसीद नहीं कट पा रही है, जिससे कृषि संबंधित योजनाओं से लोग वंचित हो रहे हैं। मौके पर मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

सरकार अपने सभी वादों को पूरा करेगी : कृषि मंत्री

LATEHAR : झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को लातेहार पहुंची। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं के साथ मुलाकात की और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने जनता से जो वादे किए हैं, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसानों को धान का एमएसपी 3200 रुपए देने के जो वादे किए गए हैं, उसे भी पूरा किया जाएगा। परंतु इसमें समय लगेगा। उन्होंने कहा कि अभी सरकार बने हुए एक सप्ताह ही हुए हैं। दो-तीन दिन पहले मंत्रियों ने प्रभार लिया है। ऐसे में दो-तीन दिन के अंदर कोई भी निर्णय लेना संभव नहीं है। इसी कारण इस वर्ष धान की एमएसपी 2300 रुपए और बोनस 100 रुपए कुल मिलाकर 2400 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि एमएसपी 3200 रुपए भी करने की प्रक्रिया जारी है। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार विपक्ष के दबाव में कोई भी काम नहीं करेगी।

जाम में फंसे भारी वाहन ● फोटोन न्यूज

दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने के दौरान लगा जाम, कोडरमा घाटी में रेंगती रहीं गाड़ियां

AGENCY KODERMA : कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत घाटी जमसोती नाला के समीप शनिवार की शाम लोहा लदे ट्रेलर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक बाल बाल बच गया था। हालांकि दुर्घटना के बाद सड़क पूरी तरह से जाम हो गई थी और रांची पटना रोड के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। जिसे कोडरमा पुलिस का सहायता से आंशिक रूप से हटकर गाड़ियों का परिचालन शुरू कराया गया था। रविवार की सुबह करीब तीन बजे एक बार फिर से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाने का कार्य शुरू किया गया। जिसकी वजह से कोडरमा घाटी से लेकर कोडरमा चाराडीह तक लगभग 16 किमी में एक बार फिर जाम की समस्या बन गई। इस दौरान कई यात्री बस भी फंसे रहे। हजारों की संख्या में यात्री परेशान भी रहे। बाद में कोडरमा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवा कर रविवार की शाम परिचालन को सामान्य कराया। जाम लगने के कारण घाटी में वाहनें अभी भी रेंग कर गुजर रही है।

BRIEF NEWS

धांधली की साजिश के पीछे हेमंत सोरेन का हाथ : बाबूलाल मरांडी

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ साफ नजर आता है। पहले हेमंत सोरेन के जरिये सीआईडी जांच का झूठा आश्वासन दिया गया, फिर जेएसएससी ने खुद को क्लीन चिट दे दी। अब छात्र आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के सख्त आदेश जारी कर सरकार ने युवाओं की आवाज दबाने की साजिश रच दी है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि हेमंत सोरेन शायद भूल गए हैं कि झारखंड की भूमि आंदोलनों और संघर्षों की प्रतीक है। झारखंड का युवा दमनकारी नीतियों का करारा जवाब देना जानता है।

साहिल बने 58वां फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट के उपविजेता

RANCHI : बंगाल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सटरडे क्लब 58वां फ्लड लाइट टेनिस टूर्नामेंट 2024 के पुरुष वर्ग में झारखण्ड के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रांची के साहिल अमीन उपविजेता बने हैं। फाइनल मुकाबले में साहिल ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के अमीत रॉथ से तीन सेटों के कड़े टक्कर में 6-4, 3-6 और 5-7 से हार गये। इसलिए इस वर्ष साहिल को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। साहिल पिछले वर्ष के विजेता थे। जोरदार खेल दिखाते हुए साहिल ने सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के ही एसके तबरेज अली को हराकर फाइनल में प्रवेश लिया था। यह खिताब जीतने वाले साहिल झारखण्ड के एकमात्र टेनिस खिलाड़ी हैं। चौथी बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे साहिल ने अपने धमाकेदार खेल से सबको प्रभावित किया। इससे पूर्व दो बार इस टूर्नामेंट में साहिल ने खिताब अपने नाम किया था। इस टूर्नामेंट का आयोजन 30 नवंबर से 14 दिसंबर तक सटरडे क्लब कोलकता में किया गया था।

फरवरी में होगा अंजुमन तरक्की का राज्य सम्मेलन

RANCHI : अंजुमन तरक्की उर्दू रांची की बैठक कर्बला चौक स्थित गुलशन हॉल में नजमा नाहीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर केंद्रीय प्रतिनिधि एमजेड खान ने अंजुमन की गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि अंजुमन का राज्य सम्मेलन वर्ष 2025 के फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर डॉ असगर जमील, डॉ महताब आलम, सैयद इकबाल अहमद, रेहाना मोहम्मद अली, डॉ एस बानो, अब्दुल समद, डॉ जमशेद कमर, डॉ महफूज आलम, मोहम्मद शकील अहमद, मोहसिन सईद, मोहम्मद इलियास, सैयद गफरान अशरफी, कैसर आलम, मो अमान मौजूद थे।

समय से पहले जन्मे शिशु को भी है ब्लाइंडनेस का खतरा

VIVEK SHARMA@RANCHI

100 में से 10 बच्चों की आंखों की चली जा रही रोशनी, इस समस्या से जूझ रहे 35-40 बच्चे

आईरिकॉन में बोले आई विशेषज्ञ, 45 मिनट तक काम के बाद 15 मिनट का ब्रेक लेना जरूरी

आंखों के बिना आपके लिए संसार की कोई सार्थकता नहीं। शरीर की संपूर्णता आंखों की तंदुरुस्ती में है। इसलिए आंखों की देखभाल के लिए जागरूक रहना जरूरी है। यह सही है कि समय के साथ हुए बदलाव ने आंखों की बीमारियों को भी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। आज स्थिति ये है कि प्रीमैच्योर यानी समय के पहले हुए शिशु भी आंखों की समस्या से जूझ रहे हैं। इतना ही नहीं प्रीमैच्योर बच्चों में ब्लाइंडनेस तक का खतरा बढ़ गया है। यह बातें रविवार को होटल लीलैक में आयोजित आईरिकॉन में देश के बड़े आई स्पेशलिस्ट्स ने कही। वहीं गैजेट्स हमारे जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन, इनका इस्तेमाल संभलकर करने की जरूरत है। नहीं तो आने वाले समय में जब हमारी आंखें ही ठीक नहीं होगी तो गैजेट्स का इस्तेमाल कैसे करेंगे। भुवनेश्वर से आए विट्रो रेटिना कंसल्टेंट डॉ. तापश रंजन पाड़ी ने कहा कि समय से पहले जन्म लेने वाले 100 में से 10 बच्चे ब्लाइंडनेस की चपेट में है। वहीं 30-40 परसेंट बच्चों को आंखों की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसका सही समय पर पता चल जाए तो इस बीमारी को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 34 सप्ताह से पहले जन्मे बच्चों के पैरेंट्स को तत्काल उन्हें आंखों के डॉक्टर से जांच करानी चाहिए।

डॉ. तापश रंजन पाड़ी

डॉ. प्रमोद एस. भेंडे। ● फोटोन न्यूज

इसके अलावा ये भी ध्यान देने की जरूरत है कि बच्चे का वजन जन्म के समय दो किलो से कम है तो दो हफ्ते के अंदर जांच से ये पता लगाया जा सकता है कि बच्चे की आंखों में कोई समस्या तो नहीं है। अगर है तो उसका इलाज पूरी तरह से संभव है। ऐसे में हम बच्चों को अंधा होने से बचा सकते है। उन्होंने कहा कि रेटिनोपैथी आफ प्रीमैच्योरिटी का एक से डेढ़ महीने के ऑअंदर इलाज न किया जाए तो बच्चा अंधा हो सकता है। साथ ही उन्होंने बताया कि मोबाइल का इस्तेमाल आज के दिन में हमारी डेली लाइफ का हिस्सा है।

सावधानी बरतें, नहीं तो आंखें होंगी खराब

शंकर नेत्रालय चेन्नई से आए विट्रो रेटिना कंसल्टेंट डॉ. प्रमोद एस भेंडे ने कहा कि आज गैजेट्स हमारी लाइफ का जरूरी पार्ट है। इसके बिना हम कुछ नहीं कर सकते। लेकिन, हमें इसका इस्तेमाल संभलकर करना होगा। अभी नहीं संभले तो स्थिति भयावह हो सकती है। वहीं आंखों में कई तरह की समस्याएं भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा ज्यादातर समय गैजेट्स जैसे मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप पर गुजरता है। ऐसी स्थिति में हर 45 मिनट के बाद हमें कम से कम 15 मिनट का ब्रेक लेना जरूरी है। इससे आंखों को आराम मिलेगा। इस दौरान आउटडोर में जाकर बाहर का नजारा देखे तो आंखों की एक्सरसाइज हो जाएगी। वहीं गैजेट्स से दूर रहने से आंखों पर पड़ने वाला प्रभाव कम हो जाएगा। वहीं खान-पान को लेकर कहा कि बैलेंस डाइट ले और बाहर खेलने घूमने दिन भर में जरूर जाए। इससे आप गैजेट्स से दूर रहेंगे। ये आपकी आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद साबित होगा।

6 मरीजों की हुई फ्री सर्जरी

इस दौरान आईरिस हॉस्पिटल में 6 मरीजों के आंखों की फ्री सर्जरी की गई। सभी मरीजों को जरूरत के अनुसार प्रीमियम लेंस लगाए गए। डॉ. सुबोध कुमार ने बताया कि हर साल हम इस दिन मरीजों की फ्री सर्जरी करते हैं। सर्जरी करने वाली टीम में डॉ. गोपाल जी सिंह आईरिस, संजीव नेत्रालय बोकारो के डॉ. संजीव तिरिया, त्रिनेत्र एम आई हॉस्पिटल बोकारो के डॉ. विवेक केडिया, नेत्रालयम कोलकाता के डॉ. लव कोच गवा, मुस्कान आई हॉस्पिटल, बोकारो डॉ. जाहिद अली सिद्दीकी, रिम्स रांची के डॉ. सुनील कुमार शामिल थे।

रांची, रामगढ़ व हजारीबाग में हुई छापेमारी, हथियार भी किए गए बरामद

एटीएस ने तीन कुख्यातों को दबोचा

हत्या व रंगदारी के कांडों का खुलासा

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड एटीएस की टीम ने रांची, रामगढ़ और हजारीबाग में छापेमारी कर रंगदारी और हत्या में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हजारीबाग में दो हत्या और रांची में रंगदारी के दो मामलों का खुलासा हुआ है। झारखंड के हजारीबाग जिले में हाल के दिनों में एक महीने के अंदर चार हत्या की वारदातें हुई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए झारखंड एटीएस को भी लगाया था। इस मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने हजारीबाग में हुई हत्या में शामिल कुख्यात अपराधी प्रमोद कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। प्रमोद कुमार साहू कुख्यात तिवारी गिरोह का सदस्य है। दूसरे मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने रांची पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर व्यवसायियों को धमकाकर रंगदारी वसूलने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार

एटीएस की गिरफ्त में अपराधी व बरामद हथियार।

● फोटोन न्यूज

अपराधियों में बिहार के सीवान जिले का रहने वाला अभय कुमार मिश्रा और रांची के पिठोरिया का रहने वाला अब्दुल करीम शामिल है। झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि गिरफ्तार अभय मिश्रा और अब्दुल करीम ने रांची के क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण उर्फ ??अनूप सिंह से फोन पर 20 लाख की फिरौती मांगी थी। उस दौरान फोन करने वाले ने खुद को देवा गैंग का अविनाश तिवारी बताया और धमकी दी कि अगर फिरौती नहीं दी तो जान से मार दिया जाएगा। धमकी के बाद क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण उर्फ ??अनूप सिंह ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभय मिश्रा और अब्दुल करीम की गिरफ्तारी के बाद एटीएस की टीम ने उनके ठिकानों से हथियार भी बरामद किए हैं। एटीएस एसपी ऋषभ जेन ने बताया कि अब्दुल करीम के घर से दो पिस्तौल, जिंदा कारतूस और आधा दर्जन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। झारखंड एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है।

130 करोड़ गबन मामले में कार्रवाई, खाताधारकों को भेजा गया नोटिस

झारखंड सरकार के दो बड़े विभागों से 130 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में सीआईडी की जांच तेजी से चल रही है। अब उन सभी खाताधारकों को नोटिस जारी किया गया है, जिनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए थे। जालसाजों ने 130 करोड़ रुपये गबन करने के लिए सैकड़ों खाते खोले थे। झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खातों से 130 करोड़ रुपये के गबन के मामले में एसआईटी की जांच लगातार जारी है। जांच में यह बात सामने आई है कि झारखंड समेत पश्चिम बंगाल के नौ सौ खाताधारकों के खातों में सरकारी पैसे ट्रांसफर किए गए थे। अब एसआईटी ने उन सभी खाताधारकों को नोटिस भेजा है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नोटिस के जरिए खाताधारकों से उनके खाते की पूरी जानकारी मांगी गई है। साथ ही उन्हें अपने खाते में आई रकम की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।

हटिया स्टेशन के नजदीक दर्जनों घरों पर चला बुलडोजर

PHOTON NEWS RANCHI :

● आरपीएफ और जिला प्रशासन की टीम ने दूसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण

रविवार को रेलवे ने जिला प्रशासन के सहयोग से बाइपास रोड पर स्थित रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाओ अभियान दूसरे दिन भी जारी रखा। इस दौरान आरपीएफ और जिला प्रशासन की टीम ने दर्जनों अवैध घरों पर बुलडोजर चला दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान बाइपास रोड जाम हो गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। इससे पहले शनिवार को भी प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया था। इसमें 100 से अधिक अवैध दुकानों, मकानों और झोपड़ियों को हटाया गया था। इस तरह दो दिनों तक चले इस अभियान में करीब 200 घरों को हटा दिया गया। बता दें कि उस जगह पर 20 वर्षों से अधिक समय से लोग अपना आशियाना बनाकर रह रहे थे। लोगों ने सरकार से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। रेलवे के अधिकारी की माने तो बिरसा चौक पर स्थित पुराने ओवरब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बनाया जाएगा। नए ब्रिज का निर्माण करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस काम को दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा नए ब्रिज के नीचे दो अतिरिक्त रेलवे लाइनें बिछाई जाएंगी। जिसे सीधे यार्ड से जोड़ा जाएगा। सात वर्ष पहले रेलवे ने एक ब्रिज का निर्माण किया था। लेकिन, ब्रिज संकरा होने के कारण बिरसा चौक और हिनू की ओर जाने वाले रास्तों पर जाम की समस्या बनी रहती है।

झासा के इलेक्शन का एलान आज से शुरू होगा नामांकन

RANCHI : सरकारी डॉक्टरों के संगठन झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के चुनाव का ऐलान हो गया है। 2024-2026 सत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। संगठन की ओर से जानकारी दी गई कि 16 दिसंबर से नामांकन के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे जो 30 दिसंबर तक जारी रहेगा। मतदान 19 जनवरी 2025 को होगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय सदर अस्पताल रांची में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता झासा के चीफ इलेक्शन कमिश्नर डॉ. लाल माझी ने की। बैठक में डॉ. लाल माझी ने बताया कि झासा के नए सत्र के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 16 दिसंबर से शुरू होगी और 30 दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद चुनाव 19 जनवरी 2025 को निर्धारित किया गया है।

सीएम हेमंत सोरेन ने दिया था कार्रवाई का आदेश

छात्राओं से छेड़खानी करने का आरोपी फिरोज गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI :

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी करने के आरोपी फिरोज अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची एसएसपी द्वारा गठित एसआईटी की टीम ने रविवार की देर शाम यह कार्रवाई की। फिरोज अली हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। पुलिस को फिरोज के बारे में सूचना देने वाले को पुलिस ने इनाम देने की घोषणा की थी। कन्या पाठशाला स्कूल के छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया था। सीएम के आदेश के बाद

गिरफ्तार आरोपी की फाइल फोटो।

पुलिस के आईजी और डीआईजी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे थे। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से मनचले रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे थे। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते थे।

अस्पताल कैंपस में बुजुर्ग की मौत पर प्रबंधन ने दी सफाई

RANCHI : सदर अस्पताल परिसर में शनिवार को बुजुर्ग की मौत हो गई थी। मामले की अस्पताल प्रबंधन ने जांच शुरू की और सिविल सर्जन और उपाधीक्षक ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात और उपाधीक्षक डॉ. विमलेश ने बताया कि जिस बुजुर्ग की मौत हुई थी, वह पिछले तीन दिनों से अस्पताल में थे। वे बीमार नहीं थे और खुद से चलकर अस्पताल आए थे। अस्पताल परिसर में ठंड से बचने के लिए इमरजेंसी के पास रह रहे थे। ट्रॉली मैन ने उन्हें खाना भी दिया था। शनिवार सुबह उन्हें इडली खिलाने के बाद बुजुर्ग के अनुरोध पर उन्हें धूप में बैठाया गया। वहीं बैठे-बैठे वह अचानक गिर गए। उन्हें तुरंत अस्पताल के भीतर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मीटिंग में समाज की विभिन्न समस्याओं और समाधान पर की गई चर्चा

अत्ताउल्लाह अंसारी फिर से चुने गए अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष

PHOTON NEWS RANCHI :

रविवार को मांडर में अमन ग्रुप वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक ब्राम्बे में हुई। इसमें कमेटी का पुनर्गठन और विस्तार पर चर्चा की गई। कमेटी का पुनर्गठन करते हुए सदर पद के लिए पुनः अत्ताउल्लाह अंसारी को, सचिव अमन राज, कोषाध्यक्ष युसूफ अंसारी, महासचिव शमी अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू अंसारी, प्रवक्ता मोहसिन खान को बनाया गया। साथ ही कमेटी में छह-छह उप सदर और उपसचिव भी बनाए गए। 10 लोगों की संरक्षक मंडली बनाई गई। इसमें मुख्य संरक्षक हकीम अंसारी, शमीम बाड़ेहार, नुरुल्लाह हबीब नदवी, मुस्लिम अंसारी, इफतेखार खान, शामी खान,जमील अख्तर, अजीज अंसारी,आजम अंसारी, नासिर अंसारी को रखा गया। मौके पर बोलते हुए संरक्षक नुरूल्लाह हबीब नदवी ने कहा कि आज हमारे समाज में जो कुरीतियां व्याप्त हैं उसे दूर करने की सख्त जरूरत है। संरक्षक शमीम बाड़ेहार ने कहा कि हमें सभी समाज के लिए काम करना है और जो भी बुराइयां हैं मिलजुल कर खत्म करना है। खास करके नशाखोरी और अशिक्षा को दूर करने की बात उन्होंने कही। कार्यक्रम को मोहसिन खान, नासिर अंसारी, जमील अख्तर, सलामत अंसारी ने अपने विचार रखा। कार्यक्रम की सदारत अत्ताउल्ला अंसारी ने किया। संचालन शमीम बाड़ेहार ने किया। मौके पर संरक्षक हकीम अंसारी, सचिव अमन राज,मो. शमी, अजीज अंसारी, मुस्लिम अंसारी, अमानत अंसारी, जुल्फान , शमशेर अंसारी, युसूफ अंसारी, मो. एनायतुल्ला, मो गुलजार, नेयाजुल खान, इरशाद इमाम ने संबोधित किया।

शहरी आबादी बढ़ी, नदियां हुईं गंदी, सलगी और नगड़ी पंचायत को बनाएं आदर्श पर्यटन स्थल : सरयू राय

राजधानी में संपन्न हुई युगांतर भारती की वार्षिक आमसभा

PHOTON NEWS RANCHI :

युगांतर भारती के संरक्षक और जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि सरकार को दामोदर नद का उद्गम स्थल 'सलगी' और स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल 'नगड़ी' का विशेष ध्यान देकर विकास करना चाहिए और सरकार को यह प्रयास करना चाहिए कि दोनों स्थानों का नाम भारतीय पर्यटन के मानचित्र पर दिखे। युगांतर भारती के वार्षिक आम सभा में सरयू राय ने कहा कि नगड़ी को आदर्श प्रशासनिक इकाई के रूप में विकसित करने की नितांत जरूरत है। उन्होंने नगड़ी और सलगी में सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ाने का भी सुझाव दिया। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक ने कहा कि झारखण्ड में अब 32 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगी है। उनका विरोध शहरों में लोगों के रहने से नहीं अपितु शहरों में बढ़ रही समस्याओं का सरकारी स्तर पर समाधान नहीं होने से है। शहरों के कारण नदियां गंदी हो रही हैं। यह बात वह वर्षों से कहते चले आ रहे हैं और अब उनकी बातें सत्य साबित हो रही हैं। चाहे स्वर्णरेखा नदी हो अथवा खरकई या फिर हरमू, इन सबकी दशा खराब हो गई है। सरयू राय ने युगांतार भारती के अध्यक्ष, अंशुल शरण को सुझाव दिया कि युगांतर न्यूज यू-ट्यूब चैनल पर पर्यावरण पाठशाला नामक साप्ताहिक कार्यक्रम नववर्ष के बाद आरंभ कराएं। राय ने कहा कि युगांतर भारती

विधायक सरयू राय का स्वागत करते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

एक अम्ब्रैला संस्था के रूप में काम करे और अपने लक्ष्यों को हासिल करे। उन्होंने इस बात से सहमति जताई कि अब संस्था से नौजवानों को बड़े पैमाने पर जोड़ने की जरूरत है, ताकि नदी संरक्षण के अलावे पर्यावरण के अन्य तथ्यों पर भी सकारात्मक और गंभीरतापूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। 12 से 14 जनवरी के बीच स्वर्णरेखा महोत्सव का आयोजन होगा। 22 मार्च को जल दिवस, 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस, 22 मई को जैव विविधता दिवस और 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस एवं दामोदर महोत्सव (गंगा दशहरा) का एक साथ आयोजन होगा। उन्होंने इन सभी आयोजनों की सफलता के लिए लोगों से सुझाव भी मगि। सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक संजय रंजन सिंह ने कहा कि हमने नदियों को मार दिया है और अगर इन्हें दोबारा जीवित नहीं किया गया तो इंसानी सभ्यता का लोप हो जाएगा। ख्यातिनाम पर्यावरणविद् प्रो. एमकेज़जमुआर ने कहा कि नए लोगों को जोड़ना समय की मांग है। दस्तावेजीकरण को और बढ़ावा देना होगा। वायु प्रदूषण को लेकर नया आंदोलन छेड़ने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने किया। इस वार्षिक आम सभा में राज्य के विभिन्न जिलों से पर्यावरणविद्, विभिन्न पर्यावरणीय संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से युगांतर भारती के सचिव आशीष शीतल, डॉ. ज्योति प्रकाश, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मेंद्र तिवारी, गणेश रेड्डी, तपेश्वर केशरी, रामानुज शेखर, विदेश सिंह, गोविंद मेवाड़, सुबोध श्रीवास्तव, राकेश माथुर, दिनेश सिंह, अभिषेक सिंह, शत्रुघ्न ओझा, रमाकांत यादव, बिरेन्द्र सिंह, मुकेश पाण्डेय, रितेश झा, प्रवीण सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, समीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, बालकृष्णा सिंह, कमल भगत, उदय सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

यीशु मसीह ने दुनिया में प्रेम और दया का किया प्रसार : सीमांत तिर्की

PHOTON NEWS RANCHI :

रविवार को क्रिसमस उत्सव के मौके पर रांची के चर्चों में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और यीशु मसीह के जन्म की खुशी मनाई। इस दौरान नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च का वार्षिक क्रिसमस गैदरिंग सिनोड कार्यालय परिसर बाबूलेन में मनाया गया। मुख्य अतिथि जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत रांची हेडक्वार्टर मंडली के चैयरमेन बिशप निस्तार कुजूर ने अतिथियों का स्वागत करके की। बिशप तिर्की ने अपने संदेश में कहा कि यीशु मसीह ने गरीब रूप में जन्म लेकर दुनिया में प्रेम और दया का प्रसार किया। बच्चों द्वारा नाटक मंचन और क्रिसमस गीतों की प्रस्तुति की गई। उन्होंने कहा कि क्रिसमस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि परमेश्वर हमें निर्देशित करता है कि हम पर्व से पूर्व इस तरह की सभा में शामिल हों।

समाचार सार

विधायक ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

SONUA : सोनुवा के गोलमुंडा लैम्पस में विधायक जगत माझी ने रविवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि अभी राज्य में धान की कटाई खत्म हो रही है और सरकार ने धान की खरीद शुरू कर दी है। किसान सही समय पर अपना धान बेच सकेंगे। राज्य की अबुआ सरकार इसी तरह अपने वादों पर काम करेगी। अंचल अधिकारी अनुज टेटे ने बताया कि सोनुवा प्रखंड में 20 हजार क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ उरांव, लैम्पस की कार्यकारी अध्यक्ष सुजाता गागराई, सचिव खगेश्वर महतो आदि उपस्थित रहे।

ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 19 जनवरी को

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ की विशेष आमसभा रविवार को सीताराम रुंगटा रिक्रिएशन हॉल टाउन क्लब में की गई। सभा की अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष जहांगीर आलम ने की। महासचिव बसंत खंडेलवाल ने बताया कि पांचवीं नवीन कुमार सिन्हा मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी को किया जाएगा। वहीं, आम सभा के पश्चात द्वितीय सीताराम रुंगटा चेस लीग के लिए लिए लॉटरी से टीमों का चयन किया गया। यह प्रतियोगिता 27 दिसंबर को रूंगटा गार्डन में आयोजित की जाएगी। सभी ने ध्वनिमत से डी. गुकेश को विश्व शतरंज प्रतियोगिता जीतने पर बधाई दी कि उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में चीन के डिंग लिरेन को हराकर यह खिताब अपने नाम कर इतिहास रचा है।

फाइनल में पहुंचा लारसन क्लब

CHAIBASA : अक्षत पटेल (89) व देवांश शुक्ला (50) की शानदार बल्लेबाजी एवं विनय यादव (39/4) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत लारसन क्लब चाईबासा ने मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब को एकतरफा मुकाबले में छह विकेट से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। इस जीत के साथ ही लारसन क्लब चाईबासा अपने ग्रुप लीग के पांच में से चार मैच जीतकर 16 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है और इसका फाइनल खेलना लगभग तय है। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस लारसन क्लब के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेघाहातुबुरू की टीम 33.2 ओवर में 222 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी लारसन क्लब की टीम ने 28.4 ओवर में मात्र चार विकेट खोकर 223 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

डालसा ने किया पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित

CHAIBASA : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम ने पुलिस के अनुसंधान पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया। वन प्रशिक्षण विद्यालय के सभागार में रविवार को हुए कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम मोहम्मद शाकिर, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह, न्यायिक अधिकारी पूजा पांडेय व पीपी रामकिंकर पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

हाटगम्हरिया में निकली मंत्री की आभार यात्रा

CHAIBASA : चाईबासा विधानसभा अंतर्गत हाटगम्हरिया में रविवार को झामुमो विधायक सह राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन रहित) और परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा की आभार यात्रा निकाली गई। हाटगम्हरिया पहुंचते ही कार्यकताओं ने मंत्री को फूलमाला से लाद दिया। कार्यकर्ता व समर्थकों ने मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर झामुमो कार्यकताओं ने दीपक बिरुवा जिंदाबाद..., झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद... आदि के खूब नारे लगाए। वहीं मंत्री ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया। जुलूस में जेएमएम व कांग्रेस के कार्यकर्ता भी ताशा व डीजे की धुन पर नाचते हुए आतिशबाजी कर रहे थे।

पंचकोसी लिट्टी मेला का आयोजन 26 जनवरी को

JAMSHEDPUR : बिहार-झारखंड एकता मंच की बैठक रविवार को गोलमुरी में हुई। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने बक्सर में पंचकोसी परिक्रमा कर लिट्टी बना कर खाई थी, जिसके बाद बिहारवासी लाखों की संख्या में पंचकोसी लिट्टी बक्सर में बना कर खाते हैं। इसी संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए जमशेदपुर में 26 जनवरी को भव्य पंचकोसी लिट्टी मेला का आयोजन होगा। इसमें सिर्फ परिवार, समूह या कमेटी हिस्सा ले सकेगी।

भाजपा के सदस्यता अभियान पर हुई बैठक में जमकर हुआ हंगामा

विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा व कार्रवाई की मांग करने लगे कार्यकर्ता

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक बिरंची नारायण

PHOTON NEWS GHATSILA : भाजपा के घाटशिला स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर रविवार को बैठक हुई। इस दौरान कुछ कार्यकताओं ने जमकर हंगामा मचाया। इन कार्यकताओं का कहना था कि पहले हार की समीक्षा होनी चाहिए, चुनाव के दौरान पार्टी में रहकर भी किन-किन लोगों ने पार्टी के विरोध में काम किया, जिसके कारण पार्टी को हार मिली। इसको लेकर मंथन होना चाहिए। इसके साथ ही जो भी इसमें दोषी हो, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। तभी सदस्यता अभियान चलाने पर बात हो। हालांकि बैठक को गुप्त रखा गया था। बैठक में पूर्व से ही हंगामा होने के डर से इसकी जानकारी पत्रकारों को नहीं दी गई थी। जानकारी के अनुसार इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बिरंची नारायण व प्रदेश से रमाकांत महतो उपस्थित थे।

इस मौके पर बिरंची नारायण ने कहा कि संगठन का सदस्यता अभियान 22 दिसंबर से शुरू होगा। सदस्यता महापर्व का कार्यक्रम मजबूत और संघर्षशील भाजपा बनाने का अवसर है। 25 दिसंबर को झारखंड के निमार्ता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सदस्यता के लिए विशेष कार्यक्रम होगा। 5-15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव ने कहा कि प्रत्येक मंडल में इस सदस्यता अभियान को लेकर बैठक होगी। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी सह कार्यक्रम प्रभारी लखन मार्डी, सह प्रभारी डॉ. सुनीता देवदूत सोरेन, पूर्व प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश साव समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जन-जन तक पहुंचाएं भाजपा की विचारधारा : बाबूलाल मरांडी

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : भाजपा का सदस्यता अभियान 5 से 14 जनवरी तक चलने वाला है। इसे लेकर रविवार को जिला कमेटी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह सदस्यता अभियान पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और देश की प्रगति में भाजपा के योगदान को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में बताया गया कि 18 और 19 दिसंबर को मंडल स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय पांडे, पूर्व विधायक शशि भूषण सामड, प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, पूर्व सांसद और प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, गीता बलमुचू, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सारंगी, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश पुरी सहित अन्य ने अभियान को लेकर अपने विचार साझा किए। अभियान के लिए अनिल बिरुली को जिला संयोजक, गीता बलमुचू, अमरेश प्रधान व शंभू हाजरा को सहसंयोजक बनाया गया है। बैठक के दौरान पूर्व विधायक जवाहरलाल बानरा, लालमुनी पूर्ति, राजश्री सवैयां, मालती गिलुआ, पूर्व चेयरमैन नगर परिषद नीला नाग, रानी बाँदिया, अनिता सुम्बुरुई, रूपा दास, रविशंकर विश्वकर्मा, रामानुज शर्मा आदि उपस्थित थे।

मान्यता के लिए को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज से मांगे 4 लाख रुपये

JAMSHEDPUR : को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में सत्र 2024-26 में दाखिले के लिए छात्रों को अभी कम से कम तीन से चार महीने तक इंतजार करना होगा, क्योंकि अभी तक कॉलेज को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से मान्यता ही नहीं मिल सकी है। हालांकि कॉलेज प्रशासन ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया में एफिलिएशन के लिए आवेदन जमा कर दिया है, लेकिन अभी तक अभी तक काउंसिल ने एफिलिएशन की स्वीकृति प्रदान नहीं की है। इसकी मुख्य वजह कॉलेज द्वारा सिक्यूरिटी मनी जमा नहीं करना है। कॉलेज को एफिलिएशन के लिए 4 लाख रुपये बार काउंसिल ऑफ इंडिया में जमा करना है। बीसीआई की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि राशि जमा होने के बाद ही मान्यता मिलेगी। इसे लेकर कॉलेज प्रशासन ने पत्र लिखकर कोल्हान विश्वविद्यालय से 4 लाख रुपये की मांग की है, लेकिन अभी तक विवि ने कॉलेज को राशि आवंटित नहीं की है। इसकी वजह से मान्यता की पूरी प्रक्रिया रुकी हुई है।

ऑल झारखंड म्यूजिक कंपटीशन में प्रतिभागियों ने किया मंत्रमुग्ध

PHOTON NEWS JSR : झारखंड के प्रतिभाशाली कलाकारों ने साकची स्थित रवींद्र भवन में 30 नवंबर से 8 दिसंबर तक प्रतिभा दिखाई। ऑल झारखंड म्यूजिक कंपटीशन के तहत 9 दिवसीय इस आयोजन में संगीत, नृत्य, वाद्य व गायन में 408 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसके अलावा कविता पाठ, रवींद्र संगीत, गिटार, कथक, भरतनाट्यम व हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रतियोगिता में 5 वर्ष से अधिक उम्र के कलाकार पूरे राज्य से शामिल हुए थे। साकची स्थित रवींद्र भवन में रविवार को हुए समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें इस प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब पाने वाले आयुष मित्रा एवं अनीदीपा मन्ना विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। प्रथम स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को विशेष रूप से आज मंच पर प्रदर्शन का अवसर प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने अपनी विशेषता से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का संचालन संहिता लाहिरी द्वारा किया गया। मुख्य समारोह में स्वागत भाषण टैगोर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. एचएस पॉल ने दिया। संस्था के महासचिव आशीष चौधरी ने पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में बताया कि यह प्रतियोगिता 2011 से हो रही है, जिसमें राज्य के सभी जिलों से कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। संस्था का उद्देश्य कला साधकों को समाज में उचित स्थान दिलाना है, ताकि कला एवं संस्कृति की अविरल धारा प्रवाहित होती रहे।

विजेताओं के साथ टैगोर सोसाइटी के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

सीमेंट कामगार यूनियन की बैठक में भत्ता वृद्धि पर हुई चर्चा

JAMSHEDPUR : सीमेंट कामगार यूनियन की आमसभा रविवार को निगमानंद पाल की अध्यक्षता में न्यूवोको सीमेंट कंपनी परिसर में हुई। इसमें कहा गया कि जोजोबेड़ा स्थित न्यूवोको सीमेंट कंपनी में प्रत्येक 4 वर्ष पर नियमित एवं लगातार चलने वाले कार्यों में लगे ठेका मजदूरों के वेतन के अलावा अतिरिक्त भत्ता की बढ़ोतरी का समझौता सीमेंट कामगार यूनिनयन के प्रतिनिधि एवं प्रबंधन साथ मिलकर करती है। समझौते की अवधि 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो रही है। ऐसे में आगामी समझौता बेहतर हो, इसके लिए मजदूरों के साथ बैठक कर मजदूरों से राय ली गई। बैठक में तय हुआ कि सीमेंट कामगार यूनियन के कमेटी सदस्यों की बैठक 17 दिसंबर को आयोजित होगी, जिसमें मांगपत्र का प्रारूप तैयार होगा।

सुरछंदम में कलाकारों ने छेड़ी शास्त्रीय संगीत की मधुर तान

कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : सुरछंदम स्कूल ऑफ म्यूजिक द्वारा सोनारी में रविवार को आयोजित कार्यक्रम 'स्वर-उत्सव' में युवा कलाकारों को मंच मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. इंद्रनील भादुड़ी और डॉ. अलोकानंदा भादुड़ी थीं। विशिष्ट अतिथि पूरबी घोष व भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी मुक्तात्मानंदा महाराज थे। कार्यक्रम की शुरूआत शांता बनर्जी के शिष्यों, आयुष मित्रा व इशिता बनर्जी ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद 'दुनिया किसी के प्यार में' गजल की प्रस्तुति से रंग भरे। पंकज घोषाल की शिष्या, श्रेया पाल ने राग बिहाग व भजन प्रस्तुत किया। अर्चित भट्टाचार्य व समृद्धि तालपात्रो ने राग केदार और भजन की प्रस्तुति दी। सोमी चौधरी ने भी गजल व भजन सुनाए। अजय रॉय ने गजल प्रस्तुत की। सुरछंदम के नीलांजन मित्रा के शिष्यों ने 'जित चलो उत रखो' और 'भज मन राम' जैसे भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए।

घाटशिला लैंपस परिसर में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

लैंपस का उद्घाटन करतीं जिला परिषद की सदस्य देवयानी मुर्मू ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : घाटशिला लैंपस परिसर में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य देवयानी मुर्मू और विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने किया। लैंप्स अध्यक्ष शांखो मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि किसान लैंपस में अधिक से अधिक धान बेचें, क्योंकि सरकार किसानों को प्रति क्विंटल धान का मूल्य 2300 एवं 100 रुपये बोनस दिया जाएगा। पिछले वर्ष घाटशिला लैंपस में कुल 349 किसानों से 23000 क्विंटल धान की खरीदारी की गई थी। उन्होंने कहा कि धान खरीद का कोई लक्ष्य नहीं है, सिर्फ जिले का लक्ष्य 6 लाख क्विंटल धान खरीद के लिए रखा गया है। हालांकि धन अधिप्राप्ति केंद्र उद्घाटन के बाद एक भी किसान धान बेचने लैंप्स नहीं पहुंचा। इस मौके पर प्रभारी बीसीओ जितेंद्र कुमार भगत, मायनो टुडू, बसंती हांसदा, शंकर तांतुबाई सहित अन्य उपस्थित थे।

'डेट' के वार्षिकोत्सव पर होगा दो नाटकों का मंचन

JAMSHEDPUR : डेट (ड्रामेटिक एसोसिएशन ऑफ टाटा इम्प्लाइज) के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में 17 दिसंबर को शाम 6 बजे से डॉ. शंकर शेष लिखित नाटक 'एक और द्रोणाचार्य' एवं शाम 7.15 बजे से असगर वजाहत लिखित नाटक 'जिन लाहौर नई देख्यां, वो जन्मेई नहीं' का मंचन होगा। दोनों नाटकों का निर्देशन मशहूर निर्देशक अनुज प्रसाद कर रहे हैं। वहीं, 18 दिसंबर को शाम 6 बजे से अंत्याक्षरी एवं भारतीय परिधानों में फैशन शो का आयोजन है। कार्यक्रम में टाटा स्टील एवं सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन व तुलसी भवन सहयोगी की भूमिका में हैं। कार्यक्रम में प्रवेश पास से ही मिलेगा। इच्छुक व्यक्ति तुलसी भवन कार्यालय से सुबह 10 बजे से संध्या 6 बजे के मध्य पास ले सकते हैं।

आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है क्रिसमस : सांसद

बंदगांव के आरसी चर्च में क्रिसमस मिलन समारोह आयोजित

कार्यक्रम में शामिल सांसद जोबा मांझी ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS BANDGAON : कैथोलिक युवा क्रिसमस मिलन समारोह, आरसी चर्च बंदगांव के तत्वावधान में रविवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी व विशिष्ट अतिथि मनोहरपुर के विधायक जगत माझी शामिल हुए। समारोह में पहुंचे अतिथियों का स्वागत युवक और युवतियों ने पारंपरिक नृत्य से किया। इस मौके पर पल्ली पुरोहित फादर जॉन कंडुलना ने सांसद जोबा मांझी एवं जिप सदस्य जोसफीन हमसाय ने विधायक जगत माझी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में बच्चों ने आकर्षक नृत्य कर अतिथियों का मन मोह लिया। इस मौके पर सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा क्रिसमस आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है। उन्होंने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रभु यीशु और माता मरियम हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। सांसद ने अभिभावकों से समाज को आगे ले जाने के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। वहीं विधायक जगत माझी ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आपका सहयोग और स्नेह हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा समाज और क्षेत्र के उत्थान के लिए जब भी जरूरत होगी उन्हें बेझिझक याद कर सकते है।

आयोजन : कोल्हान प्रमंडल स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह में मरणोपरांत पत्रकारों के परिजन सम्मानित

राज्य सरकार पत्रकारों की अधूरी योजना को पूरा करे : दास

PHOTON NEWS JSR : ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने कहा कि राजनीतिक कॅरियर की पहली सीढ़ी के समय के साथ-साथ आज के युवा पत्रकार साथियों से मिलकर और उन्हें सम्मानित कर मुझे काफी खुशी हो रही है। जब मैं (2014-19) झारखंड का मुख्यमंत्री था, तब पत्रकारहित में बहुत सारे कार्य किए। आवास योजना समेत और भी कई कार्य थे, जो नहीं कर पाए। उम्मीद करते हैं राज्य की नई हेमंत सरकार पत्रकार साथियों के उन हितों पर जरूर ध्यान देगी।

राज्यपाल दास रविवार को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा कोल्हान प्रमंडल स्तरीय सम्मान समारोह-2024 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। रविवार को होटल एनएच हिल में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने कहा कि 1995 से पहले जब मैं राजनीति में संघर्ष कर रहा था, उस समय के कई वरिष्ठ साथी आज हमारे बीच नहीं हैं, जिसका मुझे गहरा दुख है।

उन्होंने कहा कि कई प्रेस क्लब को विकसित करने के लिए प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ दिवंगत पत्रकारों को सहयोग राशि पांच लाख रुपये देने की शुरूआत की थी। स्वास्थ्य बीमा की सुविधा देने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन सरकार बदल जाने के कारण अधूरी रह गई। इनके अलावा समारोह को हिंदुस्तान के संपादक गणेश मेहता व दैनिक जागरण के संपादक यूएन पाठक सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए।

समारोह की अध्यक्षता भाषण क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने की। मंच संचालन कुलविंदर सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विकास श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष राकेश सिंह, सुमित झा, सहसचिव अमित तिवारी, उत्तम गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनमन पांडेय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

प्रेस क्लब के कार्यक्रम को संबोधित करते ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास

उल्लेखनीय पत्रकारिता के लिए सम्मानित

राज्यपाल रघुवर दास ने उल्लेखनीय पत्रकारिता के लिए भी पत्रकारों को सम्मानित किया, उनमें प्रिंट मीडिया में हार्ड स्टोरी के लिए प्रथम स्थान हासिल करने वाले रोहित सिंह, द्वितीय स्थान पाने वाले संतोष मिश्रा व तृतीय स्थान पर रहे उत्तम महतो को, प्रिंट मीडिया में फीचर स्टोरी के लिए प्रथम स्थान अर्जित करने वाले परविंदर भाटिया, द्वितीय ऋषभ श्रीवास्तव व तृतीय राजा कर्मकार और प्रिंट मीडिया फोटोग्राफी के लिए प्रथम स्थान पाने वाले सुदर्शन शर्मा, द्वितीय मो. परवेज व तृतीय स्थान पर अनूप मिश्रा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पहले स्थान पर विजय साहू, दूसरे स्थान पर प्रशांत सिंह राजपूत व तीसरे स्थान पर रहे प्रभंजन कुमार तथा डिजिटल मीडिया पोर्टल में प्रथम स्थान पर रहे आकाश कुमार, दूसरे स्थान पर चरणजीत सिंह और तीसरे स्थान पर रहे मो. शहजादा को सम्मानित किया गया। इनके अलावा 26 वरिष्ठ और 17 दिवंगत पत्रकारों के परिवार के साथ-साथ 19 सहयोगी संस्थान और व्यक्ति को सम्मानित किया गया।

सिविल डिफेंस ने इंस्पेक्टर संतोष कुमार का किया सम्मान

JAMSHEDPUR : टाटानगर रेल सिविल डिफेंस कार्यालय में रविवार को वार्षिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें इंस्पेक्टर संतोष कुमार को सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक में महिला सशक्तीकरण के तहत महिलाओं को कार्य स्थल पर गुड टच-बैड टच विषयों के साथ सैनिटरी पैड के प्रयोग के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही सड़क दुर्घटना, फायर सर्विस, एलपीजी दुर्घटना, प्राथमिक चिकित्सा विधि, भूकंप की स्थिति में बचाव आदि के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान कल्याण कुमार साहु, अनिल कुमार सिंह, शंकर प्रसाद, संजय कुमार, शिवशंकर प्रसाद, गीता कुमारी, कंचन कुमारी, तेजिता कुमारी, महादेव दास, गुलशन कुमार, रमेश कुमार, बलिराम, विनोद कुमार, पार्वती मुर्मू, सरस्वती मुर्मू, संजय कुमार महतो आदि उपस्थित रहे।

एचसीएल-आईसीसी किसानों को दे रहा उन्नत कृषि का प्रशिक्षण

महिलाओं को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : एचसीएल-आईसीसी कंपनी द्वारा सीएसआर योजना के तहत वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष मे कार्यकारी स्थानीय संस्था विद्या निकेतन के साथ मिलकर मुसाबनी प्रखंड में ग्रामीण किसानों की आय वृद्धि के उद्देश्य से कई कार्य किए जा रहे हैं। पटमदा के मास्टर ट्रेनर गणेश कुमार दास ने बताया कि विभिन्न प्रकार की ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देकर मुफ्त में खाद, बीज, कृषि उपकरण आदि मुहैया कराने के साथ साथ क्षेत्र में मशरूम की खेती से भी किसानों को जोड़ा जा रहा है। रविवार को स्वांसपुर, कुमिरमुड़ी गांव के किसानों को विद्या निकेतन संस्था के कार्यकर्ता महेंद्र बैठा एवं पानमुनी किस्कू के सहयोग से प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही एचसीएल-आईसीसी कंपनी द्वारा सीएसआर योजना के तहत क्षेत्र में कई कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कई तरह के कुटीर उद्योग से जोड़ा गया है। गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं।

BRIEF NEWS

देश की एकता में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान ऐतिहासिक : सम्राट चौधरी

PATNA : उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत रत्न और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने 565 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभायी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मंत्री और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सच्चे अर्थों में सरदार पटेल के सपनों को साकार कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि पिछड़ा विरोधी मानसिकता वाली कांग्रेस ने सरदार पटेल को कभी सम्मान नहीं दिया जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के सरदार सरोवर बांध पर लौह पुरुष की सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाकर उन्हें वह सम्मान दिया, जो उनके ऐतिहासिक और महान योगदान के अनुरूप था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने धारा-370 और 35-ए की असंवैधानिक व्यवस्था कर जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग-थलग रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2019 में धारा-370 को हटाकर सरदार पटेल के अधूरे काम को पूरा किया।

बंगाल पुलिस की गिरफ्त से लॉटरी सरगना मेंहदी हसन को भीड़ ने भगाया

KISHANGUNJ : नगर परिषद क्षेत्र के हलीम चौक के समीप पश्चिम बंगाल के मालदा के इंगलिश बाजार थाना की पुलिस एक मामले के आरोपित की गिरफ्तारी के लिए किशनगंज पहुंची थी। बंगाल पुलिस ने सदर थाना पुलिस की मदद से हलीम चौक के निकट एक आरोपित को पकड़ने के लिए अपना जाल बिछाया था लेकिन पुलिस को वहां भारी विरोध का सामना करना पड़ा और उस आरोपित को पकड़े बिना वापस लौटना पड़ा। हालांकि पुलिस आरोपित की बुलेट को जब्त कर थाना ले आयी। दरअसल बंगाल पुलिस सदर थाना पुलिस के साथ हलीम चौक पहुंची। बंगाल पुलिस को मेंहदी हसन नामक व्यक्ति की तलाश थी। पुलिस ने हलीम चौक के निकट आरोपित की पहचान करते हुए उसे गिरफ्तार भी कर लिया लेकिन देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और पुलिस की कार्रवाई का विरोध करने लगे। कुछ लोगों के उकसावे पर भीड़ ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की और आरोपित को छुड़ाकर भगा दिया। नतीजतन पुलिस को बैरंग वापस लौटना पड़ा। इधर बंगाल के इंग्लिश बाजार की पुलिस के द्वारा सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज किए जाने की प्रक्रिया जारी थी। बंगाल पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपित ने बंगाल के साथ-साथ बिहार के कई जिलों में अपना सशक्त नेटवर्क बना लिया है। किशनगंज के आसपास संचालित फर्जी लॉटरी के टिकट की छपाई कर प्रतिदिन छोटी-छोटी खेप बंगाल के साथ-साथ बिहार में भेजता है। वहीं भोले-भाले लोग जल्द अमीर बनने की चक्कर में नकली लॉटरी की टिकट खरीद कर अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इनके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया जाएगा।

देवघर में था आयोजन, दुर्घटना में चार लोग घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज

मुंडन के बाद लौट रहा था परिवार ट्रक से टक्कर में तीन की गई जान

AGENCY KHAGARIYA : बिहार के खगड़िया में सड़क हादसा हुआ है। मुंडन संस्कार के बाद देवघर से लौटने के दौरान एक्सीडेंट हुआ है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बन्देहरा गांव का रहने वाला पूरा परिवार मंडन संस्कार के बाद टैक्टर पर सवार होकर देवघर से घर लौट रहा था। उसी दौरान महेशखूंट थाना क्षेत्र के बन्नी गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टैक्टर को पीछे से टक्कर मार दिया। एक्सीडेंट के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि टैक्टर पर सवार होकर सभी लोग देवघर से मुंडन कराकर अपने घर पसराहा के बंदेहरा लौट रहे थे। इसी दौरान खगड़िया के महेशखूंट थाना इलाके के एनएच-31 पर चैधा बन्नी गांव के पास ट्रक ने टैक्टर को पीछे से धक्का मार दिया। जिससे टैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं।

पोस्टमार्टम के बाद उपस्थित ग्रामीण व पुलिस।

सिवान में दो लोगों की पीटकर हत्या

SIWAN : बिहार के सिवान में डबल मर्डर से पुलिस हैरान है। एक घर से दो लोगों का शव बरामद के बाद एफएसल की टीम छानबीन कर रही है। घटना जिले के मखदूम सराय लहरा टोली की है। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर निवासी कलामुद्दीन मियां का पुत्र सैयद अली और पुरानी किला पोखरा निवासी निजामुद्दीन मियां का पुत्र फकीरा के रूप में हुई है। दोनों मृतक का शव मखदूम सराय लहरा टोली में स्थित अनवर अली के घर से मिला है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर एफएसएल की टीम से जांच करा रही है। घटना का कारण जो बताया जा रहा है, उसपर विश्वास नहीं हो रहा। बुधवार की रात कुछ ऐसा हुआ, जिसकी छानबीन में पुलिस जुटी हुई है।

जमीन विवाद में चाचा ने अपने दो भतीजों को मारी गोली, एक की हालत गंभीर

JAMUI : बिहार के जमुई के सिकंदरा थाना क्षेत्र के टाल सहरसा गांव में रविवार की सुबह जमीन विवाद में सगे चाचा ने अपने ही दो भतीजे को गोली मार दी। जिसमें एक भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद इलाके में हडकंप का माहौल कायम हो गया है। बताया जाता है कि घायलों की पहचान टाल सहरसा निवासी स्वर्गीय राजेश्वर महतो का 23 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार तथा 18 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार के रूप में की गई है। घायल राहुल कुमार ने बताया कि एक कट्ठा जमीन को लेकर उनके चाचा राजेंद्र महतो के साथ विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले ही बैठक हुई थी और आपस में सुलह के साथ स्थानीय लोगों ने बंटवारा कर दिया था। बंटवारा के बावजूद रविवार की सुबह उसके सगे चाचा राजेंद्र महतो उसका पुत्र सहित अन्य पहुंचे और हंगामा करने लगे। जब इसका विरोध राहुल ने किया तो उसके साथ मारपीट करने लगा।

3.5 लाख बच्चों के डबल नामांकन से सरकार को 200 करोड़ की चपत

AGENCY PATNA : बिहार में शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का आधार अपडेट करना अनिवार्य किया है। शिक्षा विभाग के पोर्टल ई-शिक्षाकोष पर सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों को अपने विद्यालय में नामांकित बच्चों का डिटेल अपडेट करना है। इसमें सभी बच्चों का आधार होना अनिवार्य है। इसी प्रक्रिया में यह बात निकलकर सामने आई है कि बिहार में 3.50 लाख बच्चों का दोहरा नामांकन है। यानी बच्चे सरकारी स्कूल में नामांकित है और प्राइवेट में भी पढ़ाई कर रहे हैं। सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में बच्चों के लिए कई लाभार्थी योजनाएं चलाई जा रही हैं। छात्रवृत्ति योजना, पोशाक योजना, बैग-किट योजना, साइकिल योजना इत्यादि योजनाएं शामिल है। ऐसे में बच्चों के दोहरे नामांकन के कारण सरकार को सालाना 200 करोड़ रुपये की चपत लग रही है। हालांकि अभी तक 80 लाख से अधिक सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के छात्रों का आधार कार्ड पोर्टल पर अपडेट हो चुका है। इसमें 3.50 लाख छात्रों के दोहरे नामांकन की जानकारी प्राप्त हुई है। प्रदेश के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि दोहरी नामांकन की जानकारी शिक्षा विभाग के पोर्टल ई-शिक्षाकोष पर आधार अपडेट होने से प्राप्त हुई है। प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को छात्र के आधार कार्ड को पोर्टल पर अपलोड करने के लिए निर्देशित किया गया है। अब तक 80 लाख से अधिक छात्रों के आधार अपडेट हो चुके हैं। दोहरे नामांकन वाले छात्रों को डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले सरकारी लाभ से वंचित कर दिया गया है। राज्य में दोहरा नामांकन की जानकारी सबसे अधिक मधुबनी जिले में प्राप्त हुए हैं, जहां इसकी संख्या 19200 है। वहीं सबसे कम शेखपुरा में 2006 है।

मणिपुर में उपद्रवी हिंसा में मरने वाले दो मजदूरों के परिजनों को मिलेंगे दो-दो लाख

AGENCY PATNA : मणिपुर में उपद्रवी हिंसा में बिहार के गोपालगंज जिले के दो मजदूरों की हत्या से मर्माहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही श्रम संसाधन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं से नियमानुसार अन्य लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशि दिया है। मुख्यमंत्री ने मणिपुर में बिहार निवासियों लक्ष्मण कुमार और दशरथ कुमार की हत्या पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति की जानकारी लेने तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में शनिवार को हुई दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की जान चली गई। इनमें बिहार के दो मजदूर थे, जिनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना काकचिंग जिले में हुई। दो बिहारी मजदूरों सुनेलाल कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों गोपालगंज जिले के रहने वाले थे और काकचिंग के मैतेई बहुल इलाके में रहते थे।

पुलिस ने तीन ओवरलोडेड ट्रक को किया जब्त

KISHANGUNJ : जिलाधिकारी विशाल राज के निर्देश पर बहादुरगंज पुलिस ने तीन ओवरलोड ट्रकों को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। जब्त तीनों ट्रकों का वजन करवाकर उसकी वजन पर्ची सहित कागजात को खनन विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्यालय भेजकर अग्रतर कार्यवाही पुलिस के द्वारा जारी है। डीएम विशाल राज के द्वारा इन ओवरलोड वाहनों के परिचालन पर रोकथाम हेतु बिहार बंगाल सीमा स्थित गलगलिया बॉर्डर पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात किया गया है। बावजूद विभागीय अधिकारियों की आंख मे धूल झोंककर सरकार को प्रत्येक दिन लाखों रुपए का राजस्व का चुना लगाकर ओवरलोड वाहनों का परिचालन एनएच-27 और एनएच-327ई पर धड़ल्ले से जारी है। पुलिस की इस कार्यवाही से ओवरलोड वाहन चालकों मे एवं इंट्री माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

भोजपुरी जगत के मशहूर कलाकार विजय खरे का निधन, 72 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

AGENCY MUZAFFARPUR : बिहार के मुजफ्फरपुर में पहली बार किसी फिल्म की शूटिंग करवाने वाले अभिनेता विजय खरे का निधन हो गया। इस घटना ने कलाकारों से लेकर शहर वासियों को सदमे में डाल दिया है । बेंगलुरु में रविवार सुबह 4:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके पैतृक निवास स्थान मालीघाट में शोक संतप्त कलाकार पहुंचने लगे। भोजपुरी फिल्म उद्योग में गब्बर सिंह के अपने प्रतिष्ठित चित्रण के लिए उन्हें व्यापक रूप से पहचाना गया। विजय खरे कुछ समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और उनका इलाज बेंगलुरु के कावेरी अस्पताल में चल रहा था। जानकारी के मुताबिक उन्हें किडनी की समस्या थी जिसका इलाज चल रहा था। रविवार को अचानक उनकी हालत बिगड़ गई और बेंगलुरु में रविवार सुबह 4:00 बजे उनका निधन हो गया। अभिनेता के अनंत यात्रा परचले जाने से उनके प्रशंसक और फिल्म उद्योग सदमे में है। उनके एक पुत्र संतोष खरे दिल्ली में और दूसरे पुत्र आशुतोष खरे मुंबई में रहते हैं। दोनों बंगलोर पहुंच चुके हैं। विजय खरे अपने छोटे बेटे परितोष खरे के साथ बेंगलुरु में रहते थे। मुजफ्फरपुर के मालीघाट के रहने वाले विजय खरे ने मुंबई में अपना जीवन स्थापित कर लिया था, जहां उन्होंने एक अभिनय स्कूल, विजय खरे अकादमी की भी स्थापना की। वहीं वे नई पीढ़ी को एक्टिंग सिखाते में अपना समय बिताते थे। विजय खरे ने रायजादा (1976), गंगा किनारे मोरा गांव (1983) और हमरा से बियाह करबा (2003) जैसी फिल्मों में अपने यादगार अभिनय से प्रसिद्धि पाई। उनके दमदार अभिनय ने उन्हें भोजपुरी में एक स्थायी विरासत दिलाई। फिल्म उद्योग में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए 2019 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह के दौरान, उन्होंने भोजपुरी सिनेमा के उभरते परिदृश्य पर चर्चा की और भोजपुरी सिनेमा की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला था। मुजफ्फरपुर में विभिन्न परियोजनाओं पर काम करने के बाद, खरे ने संभावित फिल्म शूटिंग के लिए मनिका मैन जैसे स्थानों की भी सिफारिश की।

बिहार का मूड एनडीए की तरफ : उपेंद्र कुशवाहा

BHAGALPUR : बिहार यात्रा के अंतिम चरण में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा भागलपुर पहुंचे। भागलपुर पहुंचने पर रविवार को संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव को पता है कि वो सत्ता में नहीं आएंगे। इसलिए अर्नगल बयान दे रहे हैं। बीपीएससी के अभ्यर्थी के ऊपर बड़ी सहानुभूति जाता रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि उनके पिता लालू प्रसाद के शासन काल में बीपीएससी बंद हो गया था। बिहार के लोगों को झांसा देकर सत्ता में आने का कोशिश कर रहे हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि अब देश का मूड वन नेशन वन इलेक्शन की तरफ जा रहा है। बिहार का मूड एक बार फिर 2025 में एनडीए की तरफ जा रहा है। मेरा भी मूड एनडीए की सरकार की तरफ ही है। तेजस्वी के बहनी मैय्या योजना पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए नीतीश कुमार ने जो किया है उसके सामने तेजस्वी की घोषणा कोई मायने नहीं रखता है।

नौकरी के नाम पर 12 लाख की ठगी भाजपा नेत्री के पति हुए गिरफ्तार

AGENCY PATNA : सीआईडी और राष्ट्रीय मानवाधिकार में नौकरी के नाम पर ठगी व फजीर्वाड़े के मास्टरमाइंड भाजपा नेत्री कनकमणि मिश्रा के पति प्रकाश मोहन मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। औराई पुलिस ने धरहरवा गांव निवासी प्रकाश को शनिवार शाम कोर्ट में पेश किया। औराई थानेदार सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिजीत कमलेश ने आरोपित की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस मामले की अग्रेत्तर कार्रवाई में जुट गई है। आरोप है कि मंत्रालय से लेकर अधिकारियों में गहरी पैठ का झांसा देकर औराई के अलग-अलग गांव के आधा दर्जन युवकों से 12 लाख रुपये की ठगी की गई है। प्रकाश ने ऑनलाइन एप, बैंक खाता और कैश रुपये लिए। इसके अलावा 50 हजार रुपये में फर्जी आर्म्स लाइसेंस तक बनाकर दे दिया। बीते 17 अगस्त को एफआईआर दर्ज कराते हुए पीड़ित विपिन कुमार ने पुलिस को बताया था कि पांच नवंबर 2022 को मोबाइल पर प्रकाश से बात हुई। उसने खुद को सीआईडी इंस्पेक्टर बताया। 25 हजार रुपये में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में नौकरी लगवाने की बात कही। बोला कि एक माह में नौकरी नहीं मिली तो रुपये वापस कर देंगे। उसने पहले 25 हजार रुपये लिये। बाद में नौकरी में लगने वाले प्रमाणपत्र के नाम पर रुपये लेता रहा। फिर आर्म्स लाइसेंस बनवाने के लिए 50 हजार रुपये लिया और फर्जी लाइसेंस बनाकर दे दिया। फिर बोला कि अगर और कोई नजदीकी हो तो उसे लाओ। उनकी भी नौकरी लगवा देंगे। इसके बाद विपिन ने अपने नजदीकी व रिश्तेदारी के चार बेरोजगारों से प्रकाश का संपर्क करवाया। आरोपी ने सरहचिया के अमरेंद्र अरविंद को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में नौकरी के लिए एक लाख रुपये लिया। फतेहपुर बरौना के देवेंद्र राम को सीआईडी में नौकरी के लिए दो लाख रुपये लिए। हथौड़ी थाना के धनुषी निवासी सरिता कुमारी से आईबी में नौकरी को तीन लाख 40 हजार लिए।

युवक की गला रेतकर हत्या, तालाब में मिली लाश

NAWADA : नवादा जिले के पकरीबरावां थाना इलाके के कोनंदपुर पंचायत के बढ़ौना गांव के तालाब से रविवार को एक युवक की लाश बरामद हुई है। युवक की गला रेत कर हत्या की गई है ।गांव से दक्षिण- पश्चिम स्थित तालाब से लाश बरामद की गई है। मृतक की उम्र 30 वर्ष के आसपास की है। तालाब की ओर गए ग्रामीणों ने तालाब में तैरते हुए लाश देखा, जिसके बाद यह खबर पूरे इलाके में जंगल में आग की तरह फैल गई। जानकारी मिलते ही ग्रामीण तालाब पर जुटने लगे। देखते ही देखते वहां पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों द्वारा दूरभाष पर तालाब में लाश होने की सूचना पकरीबरावां पुलिस को दी गई। सूचना उपरांत पहुंची पुलिस ने लाश को तालाब से निकाला एवं उसकी पहचान में जुट गई।

मंत्रियों के सामने ही जदयू कार्यकर्ताओं के बीच चले लात-घूंसे, चुनाव जीतने का मंत्र देने पहुंचे थे 'नेताजी'

AGENCY CHAMPARAN : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतने के लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उन्होंने जदयू का जिला स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन करने के लिए सात टीम बनायी। इस टीम में कुल 63 नेताओं को शामिल किया गया। 24 नवंबर से जदयू का महाअभियान शुरू है। इसी क्रम में मंत्री अशोक चौधरी के नेतृत्व में पूर्वी चंपारण जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 15 दिसंबर को किया गया था। इस कार्यक्रम में जदयू कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। पूर्वी चंपारण जिला जनता यू के जिला सम्मेलन में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी के अलावा विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार, विधान पार्षद संजय सिंह पहुंचे थे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी भाषण समाप्त करके पोडियम से अपनी सीट की तरफ जाने लगे। उसी समय दर्शक दीर्घा से एक व्यक्ति कुर्सी पर खड़ा होकर शोर मचाने लगा। कार्यक्रम के समाप्ति पर मंच पर ही कार्यकर्ता आपस में उलझ गए। आपस में जमकर हाथापाई भी हुई है। ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी, विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार व विधान पार्षद संजय सिंह के सामने ही कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान भगदड़ मच गयी। बताया जाता है कि मारपीट के दौरान ही सभी वरिष्ठ नेता चले गये। पार्टी में गुटबाजी का परिणाम भी बताया जा रहा है। कार्यक्रम में मारपीट होने के सवाल पर जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा- ₹कोई मारपीट नहीं हुई है। मंच पर भीड़ हो गयी थी, इसलिए थोड़ी अफरातफरी मची थी।

खुशखबरी : बिहार पुल निर्माण निगम बनाएगा ब्रिज, दियारा इलाके के लोगों को मिलेगा लाभ

104 करोड़ की लागत से कोसी नदी पर बनेंगे 5 पीपा पुल

AGENCY PATNA : आने वाले समय में गंगा और कोसी नदी पर पांच पीपा पुल बनाया जाएगा, इसकी मंजूरी दे दी गई है। पटना, समस्तीपुर, वैशाली, भोजपुरी, मधेपुरा और खगड़िया जिले को पीपा पुल जोड़ेगा। जिससे गांवों और दियारा इलाके की बड़ी आबादी को इससे राहत मिलेगी। अभी इन इलाके के लोगों को गंगा पार करने के लिए नाव ही सहारा है। गंगा नदी पर समस्तीपुर, वैशाली, भोजपुरी और पटना जिले में चार पीपा पुल इस बार बनाए जा रहे हैं, इसकी मंजूरी दे दी गई है। मधेपुरा और खगड़िया जिले में कोसी नदी पर एक पीपा पुल बनेगा। 6 जिलों में पांच पीपा पुल बन जाएगा। इससे दियारा इलाके की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। गंगा नदी पर नैनीजोर और

बलिया के हल्दी गांव के बीच बनने वाले पीपा पुल से बिहार और उत्तर प्रदेश के दर्जनों गांव और दियारा में रहने वाले लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। कृषि उत्पादों की ढुलाई, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा में लोगों को राहत मिलेगी। पीपा पुल से नहीं होने से कई तरह की परेशानी का सामना बिहार और यूपी के लोगों को करना पड़ता है। पीपा पुल की लंबाई 732 मीटर होगी और इस पर 16।57 करोड रुपये खर्च होंगे। गंगा नदी पर महुली और सिताब दियारा के बीच बनने वाले पीपा पुल भोजपुर के नूरपुर और मौजमपुर और यूपी के सिताब दियारा के दर्जनों गांवों को जोड़ेगा। पीपापुल की लंबाई 732 मीटर होगी और 15।20 करोड़ रुपये खर्च होगा। गंगा नदी पर ग्यासपुर बख्तियारपुर से काला दियारा के बीच 659 मीटर की लंबाई में पीपा पुल बनेगा। इस पर 11। 82 करोड़ की राशि खर्च होगी। इससे समस्तीपुर के काला दियारा रूपश महाजी, गयासपुर महाजी, वीरपुर, मरुआही, चिरैया, हरदासपुर तो वहीं वैशाली के 17 बीघा, शिवनगर के अलावा जुड़ावनपुर, अकौना, हजपुरवा के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। गंगा नदी पर हरदासपुर धरनी पट्टी के बीच बनने वाले पुल से बख्तियारपुर से मोहनपुर प्रखंड की दूरी 90 किलोमीटर घटकर 15 किलोमीटर हो जाएगी। महनार प्रखंड और पटना जिले के लगभग 10 प्रखंडों के लोगों को लाभ मिलेगा। 793 मीटर की लंबाई में इस पीपापुल का निर्माण होगा और इस पर 35।72 करोड़ की राशि खर्च होगी। कोसी नदी पर जीरो माइल कपासिया घाट के बीच बनने वाले पुल से 14 पंचायतों खापुर, सोनामुखी, गंगापुर उत्तरी-दक्षिणी, ईटहरी, खुरहान, ईदमाही, चौदली मुरली, कुर्बान के लगभग 90000 लोगों को फायदा मिलेगा, इस पर 25।13 करोड रुपये की राशि खर्च होगी और इसकी लंबाई 500 मीटर होगी। पांचों पीपा पुल के निर्माण पर 104 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम में पीपा पुल का निर्माण करेगा। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि पीपा पुल क्षेत्रीय विकास की गति देने और जीवन शैली में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

थाना प्रभारी की आकस्मिक मौत के बाद पसरा सन्नाटा

BETHIA : मटियरिया थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास की शनिवार रात हुई आकस्मिक मौत से पूरे थाने मे सन्नाटा है। रविवार को मटियरिया थाना पहुंचने पर एएसआई ऐनुल हक ने पत्रकारों को बताया कि थानाध्यक्ष अंकित कुमार दास 2018 बैच के दरोगा थे। उन्होंने 3 फरवरी 2024 को मटियरिया थाना मे थानाध्यक्ष का पद संभाला था। पहली बार उन्हें मटियरिया का थानाध्यक्ष बनाया गया था। इसके पूर्व मे वे नगर थाना मे एसआई के पद पर कार्यरत थे। एएसआई ऐनुल हक ने बताया कि शनिवार को रात्रि करीब 11:10 बजे उनकी पत्नी के चिल्लाने कि आवाज सुनाई दी। सभी अधिकारी व पुलिस के जवान उनके डेरे के तरफ दौड़कर भागे तो देखा कि उनकी तबियत अचानक बिगड़ गयी है तथा वे बिछावन पर अचेता अवस्था मे गंजी व पजामा पहने बिछावन पर पड़े थे।

तस्करी के दो सौ से अधिक मवेशी जब्त, तीन अरेस्ट

AGENCY ARARIYA : बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्रालय के अधीनस्थ संस्था पशु कल्याण बोर्ड की टीम ने फारबिसगंज पुलिस के सहयोग से तीन कंटेनर पर लदे दो सौ से अधिक मवेशी को जब्त किया।मवेशियों को कंटेनर में क्रूरतापूर्वक रस्सी से बांधकर रखा गया था।अधिकांश मवेशी दुधारू भैंस और उसका बच्चा पररु था,जिसके सर और पांव में रस्सी बांधकर निर्दयतापूर्वक ट्रक में लोड किए हुए था।कार्रवाई फारबिसगंज थाना क्षेत्र के एनएच 27 फोरलेन सड़क पर यामाहा मोटरसाइकिल शोरूम के पास की गई।मामले में पुलिस ने तीन तस्करों को हिरासत में लिया है,जबकि एक गाड़ी का चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा।मवेशी लोड कंटेनर शेखपुरा के बरबीघा से सिमराहा पोठिया स्थित मांस फैक्ट्री जा रहा था। यह जानकारी फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी।सूचना पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ राजीव सिंह,पशु चिकित्सक रामशरण राम मौके पर पहुंचकर मामले को लेकर जानकारी ली। जानकारी के अनुसार,बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्रालय के अधीनस्थ संस्था पशु कल्याण बोर्ड की टीम मवेशी तस्करी को लेकर अररिया एसपी अमित रंजन से मुलाकात की,जिसके बाद एसपी के द्वारा टीम को पुलिस अधिकारी ऋषभ राज को टीम के साथ लगाया गया।

डी. गुकेश : शह-मात का नया शहंशाह

